संख्याः फिन(एल०ए०)एच(2)सी(15)(5)/22–खण्ड–10 -7781
हिमाचल प्रदेश सरकार,
हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग।

प्रेषकः

निदेशक,
हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग
कसुम्पटी, शिमला–171009.

प्रेषितः

आयुक्त,
नगर निगम हमीरपुर,
जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

दिनांक, शिमला–171009 30 DEC 2025

विषयः **नगर निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हि०प्र० के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2023 से 03/2025 बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे आपको नगर निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हि०प्र० के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 04/2023 से 03/2025 को आगामी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करने का निदेश हुआ है। अतः आपसे आग्रह किया जाता है कि आप उक्त प्रतिवेदन पर की गई कार्रवाई के सन्दर्भ में सटिप्पण उत्तर इस कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करें।

उपरोक्त के यहां यह भी वर्णित है कि नगर निगम हमीरपुर के गत विभिन्न अवधियों के अत्याधिक संख्या में अनिर्णीत पैरे निपटारे हेतु लम्बित है। अतः इन अनिर्णित पैरों के निपटारे हेतु भी संपरीक्षा सुझावानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए क्योंकि माननीय स्थानीय निधि लेखा समिति, हिमाचल प्रदेश विधान सभा, शिमला–171004 द्वारा इसे गम्भीरता से लिया गया है।

भवदीय

(जितेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त निदेशक,
हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
कसुम्पटी, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः यथोपरि, दिनांक, शिमला–171009,
प्रतिलिपि उक्त प्रतिवेदन की प्रति सहित :–

1. प्रधान सचिव (शहरी विकास), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–171002 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।
2. निदेशक, शहरी विकास विभाग, हि०प्र० शिमला–171002 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।
3. उप सचिव एवं समिति अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा समिति, हिमाचल प्रदेश विधान सभा, शिमला–171004 को सूचनार्थ प्रेषित है।

(जितेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त निदेशक,
हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
कसुम्पटी, शिमला–171009.

हिमाचल प्रदेश सरकार

राज्य लेखा परीक्षा विभाग, ब्लाक नं० 38 एस.डी.ए.

कम्पलेक्स, कसुम्पटी, शिमला–171009

# नगर निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025

# नगर परिषद/निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश–177001 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

**अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025**

**भाग–एक**

1. **प्रारम्भिक**

**(क)** नगर परिषद हमीरपुर को स्तरोन्नत करते हुये हिमाचल प्रदेश सरकार, शहरी विकास विभाग की अधिसूचना संख्याः No- UD-A(1)- 15/2023 दिनाँक 23.12.2024 द्वारा नगर निगम बनाया गया है। परन्तु वर्तमान अंकेक्षण अवधि की समाप्ति तक विलय हेतु नये अधिसूचित क्षेत्रों का सीमांकन न होने के कारण धरातल पर उनका वास्तविक विलय नहीं हुआ था तथा नगर निगम द्वारा 31.03.2025 तक अपना कार्यक्षेत्र नगर परिषद के पुराने क्षेत्र तक ही सीमित रखने के कारण वर्तमान अंकेक्षण ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन (एल0ए0) खण्ड–IV, दिनांक 16.10.2008 द्वारा नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के लेखों के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर परिषद/निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर के लेखों का अंकेक्षण कार्य किया गया।

**(ख) वर्तमान अंकेक्षण के दौरान नगर परिषद में निम्न पदाधिकारी प्रधान व आयुक्त के पद पर कार्यरत रहेः–**

(i) प्रधान

| क्र0सं0 | नाम | तैनाती की अवधि |
|---|---|---|
| | श्री मनोज कुमार मिन्हास | 01.04.2023 से 22.12.2024 |

**(ii) आयुक्त एवँ आहरण संवितरण अधिकारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री अक्षित गुप्ता | 01.04.2023 से 01.09.2023 |
| 2 | श्री संजय कुमार | 02.09.2023 से 04.12.2023 |
| 3 | श्री अजमेर ठाकुर | 04.12.2023 से 14.01.2025 |

**(iii) आयुक्त नगर निगम एवँ आहरण संवितरण अधिकारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री राहुल चौहान, हि॰ प्र॰ से॰ (अतिरिक्त कार्यभार) | 14.01.2025 से 31.03.2025 |

## (ख) गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार

नगर निगम हमीरपुर के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025 तक के लेखों के अंकेक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से है:–

| क्र. सं. | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा सं. | राशि (₹) लाखों मे |
|---|---|---|---|
| 1 | हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 के नियम 69 (1) (ए) के अनुसार नगर परिषद को निगम के रूप स्तरोन्नत किये जाने के पश्चात नये सम्मिलित किये गये क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के पास शेष निधियों तथा सम्पत्तियों को नगर निगम के स्वामित्व में लिया जाना अपेक्षित। | 8.4 | — |
| 2 | विभिन्न परियोजनाओं की अनुदान राशि का अव्ययित शेष | 9.2 | 71.59 |
| 3 | विविध संसाधानों से आय वसूली हेतु शेष | 13.1 | 471.59 |
| 4 | सम्पत्तिकर की राशि कई वर्षों तक जमा न करवाने वाले 108 बकायेदारों के विरूद्ध अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई न करना | 13.2 | 84.48 |
| 5 | 1 से 18 वर्षों दुकान किराये की राशि वसूली हेतु लम्बित होने पर भी कोई ठोस कार्रवाई न करना | 13.3 | 78.26 |
| 6 | शहरी बेघर नागरिकों के लिये निर्मित आश्रय (Shelter for Urban Homeless) के किराये की वसूली न करने के कारण नगर परिषद/निगम निधि को सम्भावित हानि। | 13.5 | 30.24 |
| 7 | वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में वाहन पार्किंग शुल्क की कम वसूली के कारण सम्भावित हानि। | 13.6 | 5.31 |
| 8 | श्री नेक मोहम्मद, मिस्त्री के गलत वेतन निर्धारण के कारण अधिक व अनियमित भुगतान। | 14.1 | 3.29 |
| 9 | तीन कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे। | 14.2 | 5.27 |
| 10 | ग्यारह कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे। | 14.3 | 21.73 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | छः कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे। | 14.4 | 16.55 |
| 12 | वर्ष 2024–25 में मै. सनटैन लाईफ को अधिक व अनियमित भुगतान करना | 15.1.1 | 12.59 |
| 13 | कचरा प्रबन्धन एवं निस्तारण के कार्य को संदिग्ध रूप से तीन अलग भागों में बांटकर वर्ष 2023–24 की तुलना में 2024–25 में कचरा प्रबन्धन एवं निस्तारण व्यय में आधारहीन वृद्धि करना | 15.1.2 | 127.85 |
| 14 | सफाई कार्य के लिये पाँच अलग–अलग बिलों द्वारा अनियमित व संदिग्ध भुगतान करने बारे। | 15.4 | 1.69 |
| 15 | नगर परिषद/निगम के बिजली बिलों में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा माँग की गई "गत बकाया राशि" (Normal Arrears) के लिये भुगतान करना | 15.5 | 0.56 |
| 16 | नगर परिषद/निगम द्वारा बिना बजट प्रावधान तथा समुचित निधि के निर्माण कार्यों के टैन्डर जारी करके आबंटित करना। | 16.1 | 1151.01 |
| 17 | विविध गणितीय चूकों तथा नियमों की अवहेलना के कारण विभिन्न निर्माण कार्य बिलों में अधिक व अनियमित भुगतान। | 16.2 | 0.47 |
| 18 | 29 निर्माण कार्यों का निष्पादन में देरी होने पर भी संविदाकारों से अनुबन्ध की क्लॉज़ –2 के प्रावधानों के अनुसार क्षतिपूर्ति राशि की कटौती न करना | 16.3 | 17.56 |
| 19 | निर्माण कार्य निष्पादन में सक्षम प्राधिकारी की संशोधित प्रशासनिक तथा व्यय स्वीकृति (AA&ES) के बिना किया गया अनियमित भुगतान | 16.4 | 69.08 |
| 20 | Rule 16 (XVII) of Himachal Pradesh Mineral Policy, 2024 के अनुसार निर्माण कार्य बिलों में रॉयल्टी/भुगतान के सत्यापन के बिना 178 बिलों में नियमों की अवहेलना करते हुये अनियमित भुगतान। | 16.6 | 824.62 |

(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन

नगर निगम द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों के शेष पैरों पर अनुपालना हेतु अंकेक्षण पूर्व ही अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–23 दिनांकः 01/02/2025 द्वारा आयुक्त नगर निगम से अनुरोध किया गया था। दिनाँक 31.03.2023 को अवधि 04/1975 से लेकर 03/2023 तक के कुल 689 अनिर्णीत अनुच्छेदों/उप–अनुच्छेदों बारे अपेक्षित अनुपालना का सत्यापन वर्तमान अंकेक्षण में करवाया जाना था। इनमें से वर्तमान अंकेक्षण में अनुपालना के सत्यापन उपरान्त निर्णीत किये गये अनुच्छेदों के पश्चात भी उपरोक्त अवधि के लिये 214 अनुच्छेद अनिर्णीत हैं। इनके साथ–साथ वर्तमान प्रतिवेदन में प्रारूपित अनुच्छेदों के निपटारे हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई करनी सुनिश्चित करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए, ताकि अधिक से अधिक पैरों का निस्तारण सम्भव हो सके। इस अंकेक्षण में निर्णीत किये गये गत प्रतिवेदनों के अनुच्छेदों पर की गई अनुपालना तथा शेष बचे अनिर्णीत अनुच्छेदों का संक्षिप्त विवरण **परिशिष्ट "1"** पर दिया गया है।

भाग–दो

2. वर्तमान अंकेक्षण

नगर निगम हमीरपुर के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025 तक के लेखों का अंकेक्षण श्री दिनेश चन्द्र लखनपाल, सहायक नियन्त्रक (लेखा परीक्षा) द्वारा अवधि 29.03.2025 से 11.07.2025 तथा श्री बीर सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा 02.06.2025 से 11.07.2025 तक नगर निगम कार्यालय में सम्पन्न किया गया। नमूना अंकेक्षण जाँच हेतु आय के लिये 03/2024 व 03/2025 तथा व्यय के लिये 02/2024 व 10/2024 माह चयनित किये गये थे। चयनित अभिलेख के अतिरिक्त भी समस्त वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किया गया।

| क्र0सं0 | रोकड़ बही | आय हेतु मास चयन | व्यय हेतु मास चयन |
|---|---|---|---|
| 1 | मुख्य रोकड़ बही | 03/2024 व<br>03/2025 | 02/2024 व<br>10/2024 |
| 2 | शहरी रोजगार केन्द्र<br>(Cilty Livlihood Centre) | 02/2024 व<br>10/2024 | 03/2024 व<br>10/2024 |
| 3 | प्रधानमन्त्री आवास योजना–एकल नोडल खाता (माह अप्रैल 2023 में | 05/2023 व<br>09/2024 | 05/2023 व<br>09/2024 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | ₹3940000/–का व्यय समायोजन प्रविष्टि होने के कारण व्यय हेतु माह 05/2023 का चयन किया गया है) | | |
| 4 | राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना–एकल नोडल खाता (माह अप्रैल 2023 में ₹1864151 का व्यय समायोजन प्रविष्टि होने के कारण व्यय हेतु माह 01/2024 का चयन किया गया है) | 01/2024 व 01/2025 | 01/2024 व 01/2025 |
| 5 | राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना अमृत–एकल नोडल खाता (यह निधि दिनांक 18.07.2024 से आरम्भ हुई थी) | 09/2024 | 09/2024 |
| 6 | स्वच्छ भारत मिशन–एकल नोडल खाता (माह अप्रैल 2023 में ₹2854121/- का व्यय समायोजन प्रविष्टि होने के कारण व्यय हेतु माह 06/2023 का चयन किया गया है।) | 06/2023 व 08/2024 | 06/2023 व 08/2024 |
| 7 | पेंशन व ग्रैच्युटी निधि | 03/2024 व 08/2024 | 02/2024 व 07/2024 |

*अस्वीकरण (**Disclaimer**): "यहाँ यह भी प्रमाणित किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण आयुक्त नगर निगम द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत/अधूरी सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई के कारण अंकेक्षण प्रतिवेदन पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए उत्तरदायी नहीं होगा तथा अंकेक्षण की जिम्मेवारी केवल चयनित माह तक ही सीमित है।"*

3. **अंकेक्षण शुल्क**

नगर निगम के अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025 तक के लेखों का अंकेक्षण शुल्क संस्थापना व्यय के आधार पर ₹96,000/– आंका गया है। सहायक नियन्त्रक की अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–122 दिनांकः 09/07/2025 द्वारा आयुक्त, नगर निगम हमीरपुर से अंकेक्षण शुल्क की राशि का भुगतान निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग शिमला–171009 को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से यथाशीघ्र प्रेषित करने का आग्रह किया गया था।

4. **वित्तीय विवरणियाँ**

नगर निगम अधिनियम–1994 तथा हिमाचल प्रदेश नगर निकाय लेखा संहिता (Accounts Manual) के प्रावधानों के अनुसार नगर निगम द्वारा निम्नलिखित वित्तीय विवरणियाँ तैयार की जानी आवश्यक हैं। अंकेक्षण हेतु निम्न वर्णित वित्तीय विवरणियाँ प्रस्तुत करने बारे अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–23 दिनांकः 01/02/2025 द्वारा अनुरोध करने पर प्रत्युत्तर में प्रस्तुत की गई अथवा नहीं की गई विवरणियों का ब्यौरा निम्न प्रकार से है:–

| क्रम | वित्तीय विवरणी | प्रस्तुत की गई अथवा नहीं की गई |
|---|---|---|
| 1 | बैलेन्स शीट (Balance Sheet) | केवल वर्ष 2023–24 के लिये प्रस्तुत की गई |
| 2 | आय व्यय विवरणी (Income Expenditure Statement) | प्रस्तुत की गई |
| 3 | नकदी प्रवाह विवरणी (Cash Flow Statement) | केवल वर्ष 2023–24 के लिये प्रस्तुत की गई |
| 4 | प्राप्ति एवं भुगतान विवरणी (Receipt & Payment Accounts) | केवल वर्ष 2023–24 के लिये प्रस्तुत की गई |
| 5 | लेखों पर टिप्पणियाँ (Notes to Accounts) | केवल वर्ष 2023–24 के लिये प्रस्तुत की गई |
| 6 | वित्तीय प्रदर्शन सूचक (Financial Performance Indicator) | प्रस्तुत नहीं की गई |

5. **दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System for Accounting) को लागू न करना:–**

नगर निगम हमीरपुर के अवधि 04/2023 से 03/2025 के लेखा खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि निदेशक शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश के कार्यालय पत्र संख्याः UD-H(C)-15-49/2003-III/3332-3379 दिनांक 25.03.2009, UD-H(C)-15-49/2003-III/9337-9385 दिनांक 07.09.2009 एवं UD-H(C)-

15-49/2003-IV/5215-63 दिनांक 19.07.2010 द्वारा सभी नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों को लेखा खातों का अनुरक्षण दिनांक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System) के आधार पर किये जाने सम्बन्धी जारी निर्देशों की अवहेलना करते हुये लेखा खातों का अनुरक्षण एकल लेखा पद्धति (Single Entry System) के आधार पर ही किया गया था। यह एक गम्भीर अनियमितता है। अतः निदेशक शहरी विकास विभाग के उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना करने का औचित्य स्पष्ट करते हुये भविष्य हेतु प्राथमिकता के आधार पर लेखों का अनुरक्षण दोहरी लेखा पद्धति (Double Entry System) से करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**6. तुलन–पत्र**

**नगर निगम के तुलन पत्र पर अंकेक्षण टिप्पणियाँ:–**

निदेशक, शहरी विकास, हि०प्र० के पत्र संख्या UD-H(C)-15-49/2003-III-3332-3379 Dt. 25.03.2009, समसंख्यक पत्र दिनांक 07.09.2009 व 19.07.2010 व पन्द्रहवाँ वित्तायोग के प्रावधानों की अनुपालना में नगर निगम द्वारा अंकेक्षण के अवलोकन हेतु प्रस्तुत वर्ष 2023–24 के लेखों के चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित अन्तिम लेखों (Final Accounts certified by Chartered Accountant for the year 2023-24) (**परिशिष्ट "2"**) के अवलोकन पर पाया गया कि यह निम्न वर्णित विसंगतियों के कारण नगर निगम की वित्तीय स्थिति का सम्पूर्ण व वास्तविक चित्र (True and fair picture of the financial status of the MC) प्रदर्शित नहीं करते हैं।

1. तुलन पत्र के सम्पत्ति पक्ष में स्थाई सम्पत्तियाँ ₹9,97,66,066/– के मूल्य की दर्शाई गई हैं जबकि अंकेक्षण हेतु उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा अभिलेख के अनुसार नगर निगम के पास 138 दुकानें, कार्यालय भवन, शहरी रोजगार केन्द्र भवन, कार्यकारी अधिकारी आवास, विश्राम गृह, टाउन हाल, 10 सामुदायिक भवन, शेल्टर फॉर अर्बन होमलैस, रैन बसेरा, 4 वाहन पार्किंग, 2 पार्क 12 शौचालय, गौसदन तथा स्लॉटर हाउस आदि कई स्थाई सम्पत्तियाँ हैं जिनके लिये उक्त राशि का मूल्यांकन उचित प्रतीत नहीं होता है और सम्भवतः यह मात्र अनुमानित मूल्य है जोकि मात्र औपचारिकता निभाने भर के प्रयोजन हेतु दर्ज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त दुकानों का बकाया किराया, सम्पत्ति कर बकाया आदि लेनदारियाँ भी नगर निगम लेखों में तो विद्यमान थीं परन्तु यह सब तुलन पत्र (Balance Sheet) में दर्ज नहीं हैं।
2. इसी प्रकार देयता पक्ष में भी केवल तुलन पत्र की सम्पत्तियों का शेष दर्शाकर औपचारिकता निभाई गई है।

यह लेखा सिद्धान्तों की अवहेलना है तथा ऐसे में वर्ष 2023–24 के प्रमाणित अन्तिम लेखे नगर निगम हमीरपुर की सही वित्तीय स्थिति परिलक्षित नहीं करते हैं। अतः इस सम्बन्ध में यथोचित स्पष्टीकरण सहित वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

***वर्ष 2024–25 के प्रमाणित अन्तिम लेखे अंकेक्षण समाप्ति तक प्रस्तुत नहीं किये गये थे।***

7. **नगर निगम हमीरपुर, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश के वर्ष 2023–24 के लेखों का हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रमाणन**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग ऑडिट कोड, 2022 के नियम 10.1 तथा 10.5 की अनुपालना में नगर निगम हमीरपुर के केवल वर्ष 2023–24 के लेखों को निम्नानुसार सशर्त प्रमाणित किया जाता है ***क्योंकि वर्ष 2024–25 के अन्तिम लेखों (तुलन–पत्र, आय–व्यय लेखा, प्राप्ति एवं भुगतान लेखा इत्यादि) के प्रस्तुत न किये जाने के कारण इनका प्रमाणन सम्भव नहीं हो पाया है :–***

**Final Accounts of Municipal Corporation Hamirpur, Distt. Hamirpur, Himachal Pradesh**

**Certificate of the Assistant Controller (Audit),**

(i) I have audited the attached Annual Final Accounts i.e. Balance Sheet, Income & Expenditure Account with supporting forms, of the Municipal Corporation Hamirpur, Distt. Hamirpur, Himachal Pradesh for the year 2023-24 as per the provisions of amendment to the Section 255(1) of Himachal Pradesh Municipal Council Act 1994 on the recommendation of 11th Finance Commission and the Principal Secretary (Finance) to the Government of Himachal Pradesh office Notification No. 1-376/81-Fin(LA) Vol.-IV dated 16-10-2008. Preparation of these accounts is the responsibility of the ULB's management. My responsibility is to express an opinion on these accounts based on my audit.

(ii) I have conducted my audit in accordance with the auditing standards and guidelines issued by the Director, Himachal Pradesh State Audit Department. These standards/guidelines require that I plan and perform the audit to obtain reasonable assurance whether the financial statements are free from material misstatements. An audit includes examining, on the test basis, evidences

supporting the amounts and disclosures in the financial statements. An audit also includes assessing the accounting principles used and significant estimates made, as well as evaluating the overall presentation of accounts. I believe that my audit provides a reasonable basis for my opinion.

(iii) On the basis of the information and explanations that I required and have obtained, and according to the best of my information as a result of test audit of the accounts and on consideration of explanations given, I certify that,

***"Except for the matters described in the basis for the qualified opinion in the appended report and subject to other observations therein, the Annual Final Accounts i.e. Balance Sheet, Income & Expenditure Account with supporting forms give a true and fair view of the state of affair of the Municipal Corporation Hamirpur, Distt. Hamirpur, Himachal Pradesh for the year 2023-24".***

8. **वित्तीय स्थिति**

आयुक्त नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–23 दिनांकः 01/02/2025 के सन्दर्भ में **परिशिष्ट "3 से 5"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि नगर निगम द्वारा अवधि 01.04.2023 से 31.03.2025 तक मुख्य रोकड़ बही के अतिरिक्त छः अन्य रोकड़ बहियों का भी अनुरक्षण किया गया था जिनमें विविध परियोजना निधियों तथा पैन्शन व ग्रैच्यूटी निधि का लेनदेन दर्ज किया जा रहा था। इन सभी रोकड़ बहियों में दर्ज लेन–देन के आधार पर इनकी वित्तीय स्थिति तथा बैंक समाधान विवरणियां आगामी उप अनुच्छेदों में वर्णित हैः–

**(8.1) मुख्य रोकड़ बही की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–3)**

**नगर परिषद/निगम की स्वः–स्त्रोतों से आय व्यय की वित्तीय स्थिति**

| शीर्ष | | 2023–24 | 2024–25 |
|---|---|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (₹)** | 1 | 61686372.74 | 90867844.73 |
| स्वः–स्त्रोतों से आय (₹) | 2 | 22452995.00 | 27949423.35 |
| निवेश पर अर्जित ब्याज (₹) | 3 | 11687432.00 | 5606367.10 |
| **वर्ष में कुल आय (₹) (2+3)** | 4 | 34140427.00 | 33555790.45 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष सहित कुल योग (1+4)** | **5** | 95826799.74 | 124423635.18 |
| वर्ष में कुल व्यय (₹) | 6 | 4958955.01 | 37679630.22 |
| **अन्तशेष (₹) (5–6)** | **7** | 90867844.73 | 86744004.96 |

नगर परिषद की अनुदानों से आय व्यय की वित्तीय स्थिति

(वह अनुदान जिनका लेखाँकन मुख्य रोकड़ बही में किया जाता है)

| शीर्ष | | **2023–24** | **2024–25** |
|---|---|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (₹)**<br>**(अनुदानों की वित्तीय स्थिति में दी गई विस्तृत गणना अनुसार)** | 1 | 86713457.00 | 63077865.00 |
| अनुदानों से आय (₹) | 2 | 92123045.00 | 91123131.00 |
| **प्रारम्भिक शेष सहित कुल योग (1+2)** | **3** | 178836502.00 | 154200996.00 |
| वर्ष में कुल व्यय (₹) | 4 | 115758637.00 | 147046859.00 |
| **अन्तशेष (₹) (3–4)** | **5** | 63077865.00 | 7154137.00 |

नगर परिषद की कुल संसाधनों (स्वः स्त्रोत व अनुदान) से आय व्यय की समेकित वित्तीय स्थितिः–

| शीर्ष | | **2023–24** | **2024–25** |
|---|---|---|---|
| **प्रारम्भिक शेष (₹)**<br>**(अवधि 04/2021 से 03/2023 के गत अंकेक्षण प्रतिवेदन अनुसार)** | 1 | **148399829.74** | **153945709.73** |
| समेकित आय (₹) से | 2 | **126263472.00** | **124678921.45** |
| **प्रारम्भिक शेष सहित कुल योग (1+2)** | **3** | **274663301.74** | **278624631.18** |
| समेकित व्यय (₹) | 4 | **120717592.01** | **184726489.22** |
| **अन्तशेष (₹) (3–4)** | **5** | **153945709.73** | **93898141.96** |

(8.2) दिनांक 31.03.2024 को नगर निगम की मुख्य रोकड़ बही अनुसार बैंक बचत खातों में उपलब्ध निधि का विवरण (परिशिष्ट–4)

| | बैंक खाता विवरण | राशि (₹) |
|---|---|---|
| 1 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया 1821 | 4432440.10 |
| 2 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया 2639 | 5521508.32 |
| 3 | सैन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया 4111 | 26696.33 |
| 4 | भारतीय स्टेट बैंक 4619 | 69484.53 |
| 5 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक 1412 | 454838.00 |
| 6 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक 1225 | 881927.35 |
| 7 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक 3021 | 1018.00 |
| 8 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक 8688 | 340096.97 |
| 9 | आई सी आई सी आई बैंक 1562 | 119670.00 |
| 10 | आई सी आई सी आई बैंक 1546 | 330902.96 |
| 11 | आई सी आई सी आई बैंक 0005 | 35148775.00 |
| 12 | ऐक्सिस बैंक 7745 | 42179.00 |
| 13 | ऐक्सिस बैंक 430 | 17438917.00 |
| 14 | इन्डस इन्ड बैंक 4119 | 12933.10 |
| 15 | ग्रामीण बैंक | 28148568.00 |
| 16 | महाराष्ट्रा बैंक 8376 | 19336.00 |
| 17 | आई डी बी आई बैंक 7828 | 64196.00 |
| 18 | बैंक ऑफ बरोड़ा 5531 | 1103933.00 |
| 19 | बैंक ऑफ बरोड़ा 5723 | 180102.00 |
| | **बचत खातों के अन्तशेष का कुल योग** | **94337523.66** |
| निगम द्वारा दिनांक 31.03.2025 को सावधि जमा में निवेशित राशि | | 0 |
| हस्तगत राशि | | 0 |
| **सावधि निवेश तथा बचत खातों के शेष के अनुसार दिनांक 31.03.2024 को कुल जमा राशि:–** | | **94337523.66** |

(8.3) बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट "5")

| | | |
|---|---|---|
| | **रोकड़ बही व वित्तीय स्थिति के अनुसार दिनांक 31.03.2024 को अन्तशेष** | **93898141.96** |
| | **(+) जमा:–** चैक जो जारी किये गये परन्तु 31 मार्च तक भुगतान हेतु बैंक में प्रस्तुत नही किये गये थे। | |
| | BOB 5723 Cheque No. 5962 6/01/25 | 10000.00 |
| | Nirmla Devi CPF 1/2/25 CBI 1821 | 3238.00 |
| | Nirmla Devi CPF 01/03/25 | 3238.00 |
| | ADV. Cheque 28/3/25 | 5000.00 |
| | Leave in Cashment Babu Ram 29/3/25 | 565160.00 |
| | **उपरोक्त जमा के पश्चात रोकड़ बही का संशोधित अन्तशेष** | **94484777.96** |
| | **(–) घटाव:–** रोकड़ बही में दर्ज ऑनलाईन माध्यम अथवा चैक से प्राप्त आय जो 31 मार्च तक बैंक में जमा नहीं हुई थी। | |
| | House Tax 28/3/25 G.8 748/46 | – 10125.00 |
| | House Tax 28/3/25 G.8 751/15T17 | – 133455.00 |
| | House Tax 28/3/25 | – 3675.00 |
| | **उपरोक्त घटाव के पश्चात रोकड़ बही का संशोधित अन्तशेष** | **94337522.96** |
| | गत उप–अनुच्छेद 5.1.2 के अनुसार निगम के पास दिनांक 31.03. 2024 को उपलब्ध कुल निधि | **94337523.66** |
| | अन्तर | **–0.70** |

**(8.4) नगर परिषद को निगम के रूप स्तरोन्नत किये जाने के पश्चात नये सम्मिलित किये गये क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के पास शेष निधियों तथा सम्पत्तियों को नगर निगम के स्वामित्व में लिया जाना अपेक्षित।**

नगर परिषद हमीरपुर को स्तरोन्नत करते हुये हिमाचल प्रदेश सरकार, शहरी विकास विभाग की अधिसूचना संख्या: No- UD-A(1)- 15/2023 दिनाँक 23.012.2024 द्वारा नगर निगम बनाया गया

है। इसी के साथ नगर परिषद के क्षेत्र में विस्तार करते हुये आस–पास की 15 ग्राम पंचायतों (धलोट, बोहनी, बरोहा, डुग्घा, बजूरी, दरूही, अणु, सासन, पुडतियाल, बल्ह, बस्सी झनियारा, मती टीहरा, मरनांग, सराहकड़ तथा ख्याह लोहाखड़ियां) का पूर्ण अथवा अंशिक विलय करते हुये 3680.60 हैक्टेयर क्षेत्र को नगर निगम में सम्मिलित किया गया है।

*हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1994 के नियम 69 (1) (ए) के अनुसार:*

***Constitution of Corporation fund.- (1) Save as otherwise provided in this Act, -***

***(a) all funds which immediately before the declaration and constitution of the Corporation under sections 3 and 4 of this Act vested in any body or local authority in the municipal area or any part thereof or rural area or a part thereof, if any ;***

उपरोक्त प्रावधान से स्पष्ट है कि दिनांक 23.12.2024 को नगर निगम हमीरपुर के अस्तित्व में आने के दिन से नगर निगम निधि में न केवल पूर्ववर्ती नगर परिषद् की निधि का ही परन्तु सम्मिलित की गई ग्राम पंचायतों की उस दिन की निधि का भी विलय किया जाना अपेक्षित था। परन्तु अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत लेखों के अवलोकन पर पाया गया है कि नगर निगम निधि में मात्र नगर परिषद निधि को ही सम्मिलित किया गया है तथा विलय की गई ग्राम पंचायतों की निधि वर्तमान अंकेक्षण किये जाने तक सम्मिलित नहीं की गई थी।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–99 दिनांकः 22/05/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः नये सम्मिलित किये गये क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों के पास शेष निधियों तथा सम्पत्तियों को नगर निगम के स्वामित्व में यथाशीघ्र लिया जाना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(8.5) अनावश्यक रूप से 26 बैंक बचत खातों का संचालन करना**

**परिशिष्ट** "6" में दिये विवरणानुसार नगर निगम द्वारा दिनांक 31.03.2025 को 26 बैंक बचत खातों का संचालन किया जा रहा था। इनमें से 4 बैंक खाते पी एफ एम एस के लिये एकल नोडल खातों के रूप में संचालित है जबकि शेष 22 में से 12 खातों की लेन–देन विवरणियों के अवलोकन पर पाया गया है कि अंकेक्षणावधि में इनमें नाममात्र का ही लेन–देन किया गया था। यह

स्पष्ट करता है कि नगर निगम को इन खातों की कोई आवश्यकता नहीं है। अनावश्यक रूप से इन खातों के संचालन का स्पष्टता कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है तथा इसके कारण रोकड़ बही अनुरक्षण तथा बैंक समाधान विवरणी तैयार करने में अधिक त्रुटियों की संभावना भी बनी रहती है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–109 दिनांकः 09/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 634/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 18.06.2025 द्वारा सूचित किया कि नगर निगम द्वारा 8 बैंक खातों को बन्द करवा दिया गया है। परन्तु अभी शेष 18 खाते आवश्यकता से अधिक प्रतीत होते हैं। अतः इनकी आवश्यकता के बारे में भी पुनर्विचार करते हुये कुल संख्या को यथासम्भव सीमित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

**(8.6) शहरी रोजगार केन्द्र (स्वः–स्त्रोत) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–7):–**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ बैंक ब्याज सहित (₹) | कुल योग (₹) | व्यय/ भुगतान (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023–24 | 106415.88 | 1169286.88 | 1275702.76 | 911659.80 | 364042.96 |
| 2024–25 | 364042.96 | 21218824.00 | 21582866.96 | 19673125.20 | 1909741.76 |

**(8.7) शहरी रोजगार केन्द्र (स्वः–स्त्रोत) निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–8)**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| सैन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया हमीरपुर बचत खाता संख्या 3767588226 | 1894635.92 |
| पँजाब नेशनल बैंक हमीरपुर बचत खाता संख्या 0211000100148741 | 15105.84 |
| बैंकों में जमा कुल राशि | 1909741.76 |
| रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2025 का अन्तशेष | 1909741.76 |
| अन्तर | शून्य |

**(8.8) प्रधानमन्त्री आवास योजना (एकल नोडल खाता) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–9):–**

| Year | Remarks | Opening Balance (₹) | Receipt (₹) | Total (3+4) (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (5-6) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | As per para 8 (क) Annexure (ख–7) of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 4589.50 | | | | |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | As per para 10 (i) Annexure (X) of of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 3940000.00 | | | | |
| | Total Opening balance as on 01-04-2023 | 3944589.50 | 1315066.00 | 5259655.50 | 5255000.00 | 4655.50 |
| Note: | | | | | | |
| 1. A balance of the fund shown in Para 10(i) is actually budget allocation under PMAY - SNA (PFMS) Account which was actully not received by the Municipal Committee. But erroneously shown as receipt and resulted in the fake closing balance of ₹3940000/-. | | | | | | |
| 2. Hence, to rectify this error an adjustment entry of ₹3940000/- has been recorded in expenditure side in the month of 04/2023 of the financial position. | | | | | | |
| 2024-25 | | 4655.50 | 750200.00 | 754855.50 | 750076.70 | 4778.80 |

**(8.9) प्रधानमन्त्री आवास योजना (एकल नोडल खाता) निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–10):–**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| सैन्ट्रल बैंक ऑफ इन्डिया हमीरपुर बचत खाता संख्या 3565734551 | 4778.80 |
| यूको बैंक हमीरपुर बचत खाता संख्या 12550110043219 | 0.00 |
| बैंकों में जमा कुल राशि | 4778.80 |
| रोकड़ बही / वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2025 का अन्तशेष | 4778.80 |
| अन्तर | शून्य |

**(8.10) राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना– दयानन्द अन्तोदय योजना (एकल नोडल खाता) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–11):–**

| Year | Remarks | Opening Balance (₹) | Receipt (₹) | Total (3+4) (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (5-6) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | As per para 7 (क) Annexure (ख–6) of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 0.00 | | | | |
| | As per para 10 (I) Annexure (X) of of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 1864151.00 | | | | |
| | Total Opening balance as on 01-04-2023 | 1864151.00 | 59529.00 | 1923680.00 | 1923680.00 | 0.00 |
| | | | | | | |

| Note: | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. A balance of the fund shown in Para 10(i) is actually budget allocation under NULM (DAY)- SNA (PFMS) Account which was actully not received by the Municipal Committee. But erroneously shown as receipt and resulted in the fake closing balance of ₹1864151/-. | | | | | | |
| 2. Hence, to rectify this error an adjustment entry of ₹1864151/- has been recorded in expenditure side in the month of 04/2023 of the financial position. | | | | | | |
| 2024-25 | | 0.00 | 15578.00 | 15578.00 | 15578.00 | 0.00 |

(8.11) राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना– दयानन्द अन्तोदय योजना (एकल नोडल खाता) निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–12):–

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| इन्डियन बैंक दी मॉल शिमला बचत खाता संख्या 7156677575 | 0.00 |
| रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2025 का अन्तशेष | 0.00 |
| अन्तर | शून्य |

(8.12) राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना– अमृत (एकल नोडल खाता) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–13):–

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ बैंक ब्याज सहित (₹) | कुल योग (₹) | व्यय/भुगतान (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023–24 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| टिप्पणी:– राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना– अमृत (एकल नोडल खाता) निधि नगर निगम हमीरपुर में दिनॉक 18.07.2024 से आरम्भ हुई थी। | | | | | |
| 2024–25 | 0.00 | 320967.00 | 320967.00 | 320967.00 | 0.00 |

(8.13) राष्ट्रीय शहरी रोजगार योजना– अमृत (एकल नोडल खाता) निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–14):–

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| बैंक ऑफ बरोड़ा हमीरपुर बचत खाता संख्या 69260100006128 | 0.00 |
| रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2025 का अन्तशेष | 0.00 |
| अन्तर | शून्य |

(8.14) स्वच्छ भारत मिशन (एकल नोडल खाता) निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–15):–

| Year | Remarks | Opening Balance (₹) | Receipt (₹) | Total (3+4) (₹) | Expenditure (₹) | Closing Balance (5-6) (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2023-24 | As per para 7 (क) Annexure (ख–6) of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 0.00 | | | | |
| | As per para 10 (i) Annexure (X) of of the Audit Report for the period 04/21 to 03/23 | 2854121.00 | | | | |
| | Total Opening balance as on 01-04-2023 | 2854121.00 | 1171071.00 | 4025192.00 | 4025192.00 | 0.00 |
| Note: | | | | | | |
| 1. A balance of the fund shown in Para 10(i) is actually budget allocation under NULM (DAY)- SNA (PFMS) Account which was actully not received by the Municipal Committee. But erroneously shown as receipt and resulted in the fake closing balance of ₹1864151/- on 31-03-2023. | | | | | | |
| 2. Hence, to rectify this error an adjustment entry of ₹2854121/- has been recorded in expenditure side in the month of 04/2023 of the financial position. | | | | | | |
| 2024-25 | | 0.00 | 12752.00 | 12752.00 | 12752.00 | 0.00 |

(8.15) स्वच्छ भारत मिशन (एकल नोडल खाता) निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–16):–

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| एच डी एफ सी बैंक हमीरपुर बचत खाता संख्या 50100463601772 | 0.00 |
| रोकड़ बही/वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2025 का अन्तशेष | 0.00 |
| अन्तर | शून्य |

(8.16) पैन्शन एवं ग्रैच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–17):–

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ बैंक ब्याज सहित (₹) | कुल योग (₹) | व्यय/भुगतान (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2022–23 | 1486460.85 | 4198673.00 | 5685133.85 | 4022294.00 | 1662839.85 |
| 2023–24 | 1662839.85 | 12331714.00 | 13994553.85 | 9057111.00 | 4937442.85 |
| | | | | | |

| टिप्पणीः– |
|---|
| 1. पैन्शन एवं ग्रैच्युटी निधि के लिये नगर निगम हमीरपुर द्वारा रोकड़ बही का अनुरक्षण नहीं किया गया था।<br>2. केवल कर्मचारियों के व्यक्तिगत लैजर खातों का ही अनुरक्षण किया गया था।<br>3. पैन्शन एवं ग्रैच्युटी निधि की वित्तीय स्थिति का संकलन बैंक खाते में दर्ज लेनदेन के आधार पर किया गया है। |

**(8.17) पैन्शन एवं ग्रैच्युटी निधि की बैंक समाधान विवरणी (परिशिष्ट–18):–**

| विवरण | राशि (₹) |
|---|---|
| इन्डियन बैंक हमीरपुर बचत खाता संख्या 21229268678 | 4937442.85 |
| रोकड़ बही / वित्तीय स्थिति अनुसार 31.03.2023 का अन्तशेष | 4937442.85 |
| अन्तर | शून्य |

**(8.18) नगर निगम कर्मचारियों के सन्दर्भ में पैन्शन व ग्रैच्युटी, सामान्य भविष्य निधि तथा अंशदायी पैन्शन निधि की रोकड़ बही का अनुरक्षण न करना**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक / रा॰ले॰प॰–शिमला / अंके. अधि. / 2025 / –23 दिनांकः 01 / 02 / 2025 के सन्दर्भ में **परिशिष्ट–"19"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार नगर निगम कर्मचारियों से सम्बन्धित पैन्शन व ग्रैच्युटी के भाग को आयुक्त के नाम से खोले गये बैंक खाते में जबकि कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमास की जाने वाली सामान्य भविष्य निधि तथा अंशदायी पैन्शन निधि अभिदान (नियोक्ता अंश सहित) की कटौती सम्बन्धित कर्मचारी के व्यक्तिगत बचत बैंक खाते, जो कि आयुक्त के नाम गिरवी है, में जमा करवाया जाता है। दिनांक 31.03.2025 को इन बचत खातों के कुल शेष का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पैन्शन व ग्रैच्युटी निधि का दिनांक 31.03.2025 को कुल शेष | 49,37,443 |
| 2 | 10 कर्मचारियों के आयुक्त / कार्यकारी अधिकारी के नाम से गिरवी व्यक्तिगत बचत बैंक खातों में जमा सामान्य भविष्य निधि का दिनांक 31.03.2025 को कुल शेष | 70,17,910 |
| 3 | 23 कर्मचारियों के आयुक्त / कार्यकारी अधिकारी के नाम से गिरवी व्यक्तिगत बचत बैंक खातों में जमा अंशदायी पैन्शन निधि (नियोक्ता अंश सहित) का दिनांक 31.03.2025 को कुल शेष | 1,69,73,560 |

इन खातों के सन्दर्भ में निम्नलिखित त्रुटियां पाई गई हैः–

1. हिमाचल प्रदेश नगरपालिका लेखा संहिता 1975 के अध्याय 14 में नियम 213 से 227 तक में दिए गए प्रावधानों में नगर निगम कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमास की जाने वाली भविष्य निधि से

सम्बन्धित कटौतियों व आहरण पद्धति, लेखांकन के नियम व प्रारूप आदि प्रतिपादित किए गए हैं। परन्तु अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि इस सन्दर्भ में लगभग किसी भी नियम की अनुपालना नहीं की जा रही है।

2. उपरोक्त नियमों में प्रावधित भविष्य निधि खातों के सन्दर्भ में प्रारूप पी॰ एफ॰ 7 – 1 से पी॰ एफ॰ 12 में बनाए जाने वाले खातों / लैजर का नगर निगम द्वारा अनुरक्षण नहीं किया गया है।
3. उपरोक्त अभिलेख के अभाव में की गई कटौतियों की गणना, लेखांकन, बैंक में जमा, इन खातों पर दिया गया ब्याज तथा आहरण इत्यादि की अंकेक्षण के दौरान पुष्टि व जाँच नहीं की जा सकी है।
4. इसी प्रकार अंशदायी पैन्शन निधि मासिक अभिदान, जिसमें कर्मचारी तथा नगर निगम दोनों का अभिदान, सम्मिलित है को ''पैन्शन फण्ड नियामक एवँ विकास प्रधिकरण'' द्वारा संचालित एन. पी. एस. खाता (NPS Account with "Pension Fund Regulatory and Development Authority) खोल कर उसमें प्रत्येक माह जमा करवाया जाना अपेक्षित था परन्तु नगर निगम द्वारा अपने कर्मचारियों के नाम से NPS Account खुलवाये ही नहीं गये हैं और दोनों प्रकार के अभिदान की राशि उपरोक्त बचत खातों में ही जमा करवाई जा रही है। यह न केवल गम्भीर अनियमितता है परन्तु साथ ही कर्मचारियों के सेवानिवृति पश्चात के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है क्योंकि इस परिस्थिति में यह सुनिश्चित है कि उन्हें किसी भी प्रकार की पैन्शन सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

अतः अब इस अभिलेख का अनुरक्षण न किए जाने तथा कर्मचारियों के नाम से NPS Account नहीं खुलवाने के बारे में सम्पूर्ण वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुए इसे भविष्य अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

## 9. अनुदान

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या: सहा॰ नियन्त्रक / रा॰ले॰प॰–शिमला / अंके. अधि. / 2025 / –23 दिनांक: 01 / 02 / 2025 के सन्दर्भ में **''परिशिष्ट–20 से 23''** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार अवधि 04 / 2023 से 03 / 2025 प्राप्त तथा व्यय किये गये अनुदानों की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:–

**(9.1) सामान्य रोकड़ बही में लेखांकित अनुदानों की वित्तीय स्थिति (परिशिष्ट–20):–**

| वित्तीय वर्ष | प्रारम्भिक शेष (₹) | प्राप्तियाँ (₹) | कुल योग (₹) | व्यय (₹) | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2023–24 | 95376318.50 | 94668711.00 | 190045029.50 | 126962509.00 | 63082520.50 |
| 2024–25 | 63082520.50 | 92222628.00 | 155305148.50 | 148146232.70 | 7158915.80 |

दिनाँक 31.03.2025 के उपरोक्त अन्तशेष का निधिवार विवरण निम्न प्रकार से है (परिशिष्ट–22):–

| क्रम | निधि | अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधीश के माध्यम से प्राप्त अनुदान | 2825615.00 |
| 2 | राष्ट्रीय/राज्य आपदा राहत निधि | 4328522.00 |
| 3 | प्रधानमन्त्री आवास योजना निधि | 4778.80 |
| | कुल योग:– | 7158915.80 |

टिप्पणी:–

दिनाँक 01.04.2023 को अनुदानों के उपरोक्त दर्शाये गये ₹ 9,53,76,318.50/- के प्रारम्भिक शेष की संशोधित गणना निम्न प्रकार से की गई है।

| ***Note: Correction to the opening balance of GIA as on 01-04-2023*** | |
|---|---|
| **1. The closing balance as on 31-03-2023 was shown as ₹103289616/- in the Consolidated Financial Statement of Grants in Aid for the period 04/2021 to 03/2023 in परिशिष्ट "ग–1".** | **103289616.00** |
| **2. But the actual closing balance as on 31-03-2023 was ₹95371729/- as per the statements for individual Grants in Aid as given in परिशिष्ट "ग" Page 109 to 125 of the Audit Report for the period 04/2021 to 03/2023. Besides this a balance of ₹4589.50/- in GIA of PMAY Fund was also given in para 8 (क) of audit report for the period 04/2021 to 03/2023. That makes the total opening balance of GIA ₹95376318.50/** | **95376318.50** |
| *3. This difference of ₹7917887/- as detailed in Para 10(iv) of the Audit Report for the period 04/2021 to 03/2023 was a result of difference in the opening balance as on 01-04-2021. It actually was ₹48229959/- rather than ₹56147846/-. This difference was explained and verified in th last audit. The opening balances of individual Grants in Aid were rectified in परिशिष्ट "ग" Page 109 to 125 of the Audit Report for the period 04/2021 to 03/2023. However, the final result of this error was not accounted for inadvertantly in the consolidated Financial Position of GIA in Para 10 (i) of the Audit report for the period 04/2021 to 03/2023.* | |
| ***4. The The above Closing balance of ₹95371729/- as given in परिशिष्ट "ग" Page 109 to 125 of the Audit Report for the period 04/2021 to 03/2023 includes the following types of GIA on the basis of their Accounting by the Municipal Corporation:-*** | |

| | | |
|---|---|---|
| ***5. Grants routed through Single Nodal Accounts by the Director, Urban Development, HP*** | | |
| (a) PMAY – SNA as given in परिशिष्ट "ग" Page 109 to 125n = ₹ 39,40,000 | | |
| (b) PMAY Fund balance as given in para 8 (क) of audit report for the period 04/2021 to 03/2023 = ₹4589.50/- | | |
| (c) Total opening balance of PMAY Fund = ₹3944589.50/- | ₹ 39,44,589.50 | |
| (ii) NULM - SNA | ₹ 18,64,151.00 | |
| (iii) SBM - SNA | ₹ 28,54,121.00 | |
| **Total for Above** | | **₹ 86,62,861.50** |
| ***6. Grants routed through Bank Accounts maintained in the name of Commissioner/EO and accounted for in the main cash book of MC.*** | | |
| (i) 15th CFC Grant Untide | ₹ 1,21,88,590.00 | |
| (ii) 15th CFC Grant tide | ₹ 2,38,28,750.00 | |
| (iii) 6th SFC Grant | ₹ 1,56,78,447.00 | |
| (iv) DC Grant | ₹ 38,61,219.00 | |
| (v) ULB Road Grant | ₹ 6,29,753.00 | |
| (vi) SDMA/NDMA Fund | ₹ 1,00,00,000.00 | |
| (vii) Park | ₹ 80,53,718.00 | |
| (viii) 14th CFC | ₹ 4,04,821.00 | |
| (ix) SWM | ₹ 1,13,30,559.00 | |
| (x) Covid - 19 | ₹ 7,13,000.00 | |
| (xi) Plastic Waste | ₹ 24,600.00 | |
| **Total for Above** | | **₹ 8,67,13,457.00** |
| **Grand Total for Balance of GIA as on 01-04-2023 as given in परिशिष्ट "ग" Page 109 to 125 of the Audit Report for the period 04/2021 to 03/2023.** | | **₹ 9,53,76,318.50** |
| ***7. This correction does not affect the overall balance of the Municipal Corporation which remains same as ₹148399829.74/-.*** | | |

**(9.2) विभिन्न परियोजनाओं की अनुदान की ₹71.59 लाख राशि का अव्ययित शेषः—**

**परिशिष्ट "20 व 23"** पर संलग्न विस्तृत विवरण से स्पष्ट विदित होता है कि दिनांक 31.03.2025 को कुल अव्ययित **₹71,58,915.80/—** की अनुदान राशि शेष थी। अतः इस अव्ययित अनुदान राशि का समयबद्ध तरीके से निर्धारित उद्देश्यों हेतु उपयोग प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित किया जाए।

**(9.3) ₹1481.46 लाख के अनुदान व्यय के पश्चात भी वर्ष 2024—25 के लिये कोई उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्थाओं को प्रेषित न करना**

नगर निगम द्वारा अंकेक्षण को **परिशिष्ट "21"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अवलोकन पर पाया गया कि वर्ष 2024—25 में कुल **₹14,81,46,232.70/—** का व्यय प्राप्त अनुदानों में से किया गया था परन्तु इस अवधि में, उक्त **परिशिष्ट के अन्तिम कॉलम अनुसार**, किसी भी व्यय के विरुद्ध उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित वित्तपोषक संस्थाओं को प्रेषित नहीं किये गये थे। इस सम्बन्ध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त लम्बित उपयोगिता प्रमाण पत्र सम्बन्धित संस्थाओं/कार्यालयों को अग्रेषित किए जाने सुनिश्चित करने के साथ—साथ इनकी सत्यापना भी आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जाए।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰—शिमला/अंके. अधि. /2025/—110 दिनांकः 09/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मामले में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**10. निवेश**

**(10.1) नगर निगम निधियों से किये गये निवेश का विवरण।**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰—शिमला/अंके. अधि./2025/—23 दिनांकः 01/02/2025 के सन्दर्भ में **परिशिष्ट "4"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2025 को नगर निगम की निधियों से सावधि जमा योजना में निवेशित राशि शून्य थी।

**(10.2) अतिरिक्त नगर निगम निधि को सावधि जमा योजना में निवेश करने की अपेक्षा बचत खाते में जमा रखने के कारण सम्भावित ब्याज आय की हानि**

गत अनुच्छेद 8.1 में दिये गये विवरणानुसार अंकेक्षणावधि के दोनों वित्त वर्षों के अन्त में नगर परिषद द्वारा स्वः–संसाधनों से जुटाई गई एक बड़ी राशि बचत खातों में जमा रखी गई थी। दिनांक 31.3.2025 को भी नगर निगम के पास स्व संसाधनों के बचत खातों में ₹8,67,44,004.96/– की शेष राशि बचत खातों में ही जमा थी।

यदि सामयिक आवश्यकता के अतिरिक्त उपलब्ध राशि को एक माह से एक वर्ष तक की अल्पावधि हेतु बैंक सावधि जमा योजनाओं में निवेश किया जाता तो निश्चित रूप से ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित की जा सकती थी, परन्तु नगर निगम द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा इस राशि को केवल बैंक बचत खातों में जमा रखा गया था। परिणामस्वरूप ब्याज के रूप में प्राप्त होने वाली सम्भावित अतिरिक्त आय से वंचित होना पड़ा है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में नगर निगम की सामयिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समुचित राशि को बचत खाते में छोड़कर शेष उपलब्ध राशि को अल्पावधि बैंक सावधि योजनाओं में निवेशित करने का प्रयत्न किया जाये ताकि परिषद को यह अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–109 दिनांकः 09/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया था जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 634/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 18.06.2025 द्वारा सूचित किया है कि नगर निगम द्वारा सभी बैंक खातों में ऑटो स्वीप सुविधा ले ली गई है जिसमें एक न्यूनतम राशि के अतिरिक्त राशि पर बैंक द्वारा स्वतः सावधि निवेश का ब्याज दिया जाता है। अतः इस ब्याज की वसूली यथासमय सुनिश्चित करने हेतु समुचित व्यवस्था स्थापित करने के अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाये कि बैंक इस ब्याज पर **"स्त्रोत पर आयकर"** की कटौती न करे। अंकेक्षण को अनुपालना से तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**11. नगर निगम के वर्ष 2023–24 के बजट के सन्दर्भ में अंकेक्षण टिप्पणियाँ :–**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–23 दिनांकः 01/02/2025 के सन्दर्भ में निदेशक, हिमाचल प्रदेश शहरी विकास

विभाग द्वारा अनुमोदित वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के बजट की उपलब्ध करवाई गई प्रतियों के अवलोकन पश्चात निम्नलिखित अंकेक्षण टिप्पणियाँ अपेक्षित हैं:–

**(11.1) बजट में प्रस्तावित तथा वास्तविक आय–व्यय की तुलना :–**

| आय व्यय का शीर्ष | वर्ष 2023–24 | वर्ष 2024–25 |
|---|---|---|
| आय | | |
| स्वः–स्त्रोतों से प्रस्तावित आय | 32203700 | 43686000 |
| स्वः–स्त्रोतों से वास्तविक आय | 35309714 | 54774614 |
| **अन्तर** | **3106014**<br>**(9.64% अधिक्य)** | **11088614**<br>**(25.38% अधिक्य)** |
| अनुदानों से प्रस्तावित आय | 100000000 | 170000000 |
| अनुदानों से वास्तविक आय | 94668711 | 92222628 |
| **अन्तर** | **5331289**<br>**(5.33% कमी)** | **77777372**<br>**(45.75% कमी)** |
| व्यय | | |
| कुल प्रस्तावित व्यय | 128122000 | 228755000 |
| कुल वास्तविक व्यय | 132833124 | 205498988 |
| **अन्तर** | **4711124**<br>**(3.68% अधिक्य)** | **23256012**<br>**(10.17% कमी)** |

**(11.2) अनुमोदन**

नगर परिषद/निगम के वर्ष 2023–24 के बजट का अनुमोदन निदेशक, हिमाचल प्रदेश शहरी विकास विभाग द्वारा वर्ष 2023–24 के लिये कार्यालय पत्र संख्याः UD-HI(1)-7/2011-I- 140-141 दिनाँक 02.01.2024 द्वारा तथा वर्ष 2024–25 के लिये पत्र संख्याः UD-HI(1)-7/2011-I- 19470-71 दिनाँक 01.10.2024 द्वारा किया गया है।

**(11.3) बजट प्राक्कलन क्रमशः नौ तथा छः माह से भी अधिक विलम्ब से अनुमोदित करवानाः–**

हिमाचल प्रदेश नगर परिषद अधिनियम 1994 के नियम 249 (1 व 2) व 249(5) के प्रावधानानुसार नगर परिषद का बजट प्राक्कलन एक फरवरी से लेकर 10 मार्च के बीच की जिलाधीश

के माध्यम से समय पर अनुमोदन हेतु निदेशक, हिमाचल प्रदेश शहरी विकास विभाग को प्रेषित किया जाना अपेक्षित था। वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के बजट की अनुमोदित प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है कि जिलाधीश हमीरपुर के माध्यम से यह क्रमशः पत्र संख्या: DCH-UDB/2023-637 दिनाँक 30.11.2023 तथा DCH-UDB/2024-432 दिनाँक 17.09.2024 द्वारा निदेशक, हिमाचल प्रदेश शहरी विकास विभाग को प्रस्तुत किये जाने पर गत उप–अनुच्छेद 10.2 में दिये विवरणानुसार नौ तथा छः माह से भी अधिक विलम्ब से अनुमोदित किये गये थे। देरी से बजट अनुमोदित करवाने से सारी बजट प्रक्रिया ही निरर्थक हो जाती है।

**(11.4) बजट लक्ष्यों को प्राप्त करने में विफलता :–**

गत उप–अनुच्छेद (11.1) में वर्णित प्रस्तावित बजट अनुमानों तथा वास्तविक लक्ष्य प्राप्ति के आँकड़ों के अवलोकन से स्पष्ट है कि अनुदान आय जोकि अनुमान से अधिक है, के अपवाद के अतिरिक्त अन्य सभी प्रस्तावित बजट लक्ष्यों को प्राप्त करने से नगर निगम दूर है। वर्णित तथ्यों से स्पष्ट है कि

1. *नगर निगम द्वारा या तो लक्ष्य प्राप्ति हेतु गम्भीर प्रयत्न नहीं किये गये; अथवा*
2. *प्रस्तावित लक्ष्य ही अव्यवहारिक निर्धारित किये गये; अथवा*
3. *अकर्मण्यता व निष्क्रियता के कारण नगरवासियों को अपेक्षित सुविधाएँ देने में विफलता रही।*

उपरोक्त अंकेक्षण टिप्पणियों से स्पष्ट है कि नगर निगम हमीरपुर द्वारा बजट को लेकर किसी प्रकार की गम्भीरता का भाव नहीं है। अतः इस बारे में वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करते हुये भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**12. नगर निगम की गत तीन वर्षों की आय व व्यय का विवरण :–**

नगर निगम की गत तीन वर्षों से सम्बन्धित आय व व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है:–

| वित्तीय वर्ष | आय (स्वः स्त्रोत+अनुदान+ब्याज) (₹) | व्यय (₹) |
|---|---|---|
| 2022–23 | 111999453 | 89329879 |
| 2023–24 | 256241897 | 132833124 |
| 2024–25 | 271676164 | 205498988 |

**13. आय के अंकेक्षण से सम्बन्धित टिप्पणियाँ :–**

नगर निगम द्वारा अवधि 04/2023 से 03/2025 में विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय के सम्बन्ध में पाई गई अनियमितताओं को निम्नानुसार वर्णित किया गया है:–

**(13.1) विविध संसाधानों से ₹471.59 लाख की आय वसूली हेतु शेष**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–23 दिनांकः 01/02/2025 के सन्दर्भ में उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार दिनांक 31.3.2025 को निम्न तालिका अनुसार संक्षिप्त रूप में संकलित विविध संसाधनों से **₹4,71,60,965/–** की आय वसूली हेतु शेष थी। इस वसूली का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "24 से 29"** पर उपलब्ध है।

| क्रम | आय की मद | परिशिष्ट संख्या | दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु शेष राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्पत्ति कर (अधिभार सहित) | **परिशिष्ट "24"** | 24071834 |
| 2 | दुकानों का किराया | **परिशिष्ट "25 व 26"** | 11751571 |
| 3 | तहबाजारी शुल्क | **परिशिष्ट "27"** | 1569240 |
| 4 | घरद्वार कचरा संग्रहण शुल्क | **परिशिष्ट "28"** | 8959065 |
| 5 | मोबाईल टावर स्थापना एवं नवीनीकरण शुल्क | **परिशिष्ट "29"** | 807451 |
| | कुल योगः | | **47159161** |

**(13.2) सम्पत्तिकर बकाया, माँग व प्राप्ति तथा अभिलेख अनुरक्षण में पाई गई अनियमितताओं बारे।**

1. **सम्पत्तिकर की ₹84.48 लाख की राशि 3 से 66 वर्षों तक जमा न करवाने वाले 108 बकायेदारों के विरूद्ध अपेक्षित वैधानिक कार्रवाई न करना:–**

अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की गई सूचनाओं तथा अभिलेख की अंकेक्षण जाँच पर पाया गया कि दिनांक 31.03.2025 को सम्पत्तिकर की वसूली हेतु शेष कुल **₹2,40,71,834/–** के बकाया में से **₹84,47,552/–** की राशि तो केवल 108 बकायेदारों के विरूद्ध ही शेष थी जिसे पिछले ***3 से 66 वर्षों तक चुकता नहीं किया गया था।*** इस राशि का विस्तृत विवरण

**परिशिष्ट "30"** पर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 86 व 87 तथा निदेशक, शहरी विकास द्वारा समय–समय पर जारी किये गये दिशा निर्देशों द्वारा करों की शत/प्रतिशत वसूली के निर्देश जारी किये गये हैं परन्तु इनकी अनुपालना नहीं हुई है। यह स्थिति अत्यन्त चिन्तनीय है। अतः इन बकायेदारों से इस राशि की वसूली न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 258 के उप नियम (2) तथा (3) के प्रावधानों के आधार पर इनके विरूद्ध प्राथमिकता के आधार पर ठोस कार्रवाई करके बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए व तदानुसार अनुपालना से अंकेक्षण को भी अवगत करवाया जाए।

2. **₹7.25 लाख की वसूली शेष होने पर भी वर्ष 2023–24 व 2024–25 के लिये 17 बकायेदारों की गृहकर माँग दर्ज न करनाः–**

अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की गई सूचनाओं तथा अभिलेख की अंकेक्षण जाँच पर पाया गया कि **परिशिष्ट "31"** पर वर्णित 17 बकायेदारों के विरूद्ध दिनांक 31.03.2025 को ₹7,24,887/– का सम्पत्तिकर वसूली हेतु शेष होने पर भी इनके विरूद्ध वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के लिये नई गृहकर माँग रजिस्टर में दर्ज नहीं करने के कारण नगर निगम निधि को अनुचित हानि हुई है।

3. **वर्ष 2023–24 व 2024–25 में नवनिर्मित भवनों का सम्पत्तिकर निर्धारण न करनाः–**

हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 के नियम 65 तथा हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के नियम 84 के अनुसार नगर परिषद/निगम अपने क्षेत्राधीन भवनों पर सम्पत्तिकर निर्धारण तथा वसूली हेतु प्राधिकृत हैं। यह कर निर्धारण किसी भी नवनिर्मित भवन के लिये बिजली तथा पानी कनैक्शन का अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करते समय निर्धारित किया जाना अपेक्षित है। अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 की **परिशिष्ट "24"** पर प्रस्तुत सम्पत्तिकर माँग, प्राप्ति व अन्तशेष विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि इन दोनों ही वर्षों में ₹1,47,15,039/– की राशि माँग के रूप में दर्ज की गई थी। इसके अतिरिक्त यदि अवधि 04/2021 से 03/2023 के गत अंकेक्षण प्रतिवेदन के अनुच्छेद 11(1–ख) का अवलोकन किया जाये तो इन दो वर्षों में भी सम्पत्तिकर माँग के रूप में यहि राशि दर्ज थी। इससे स्पष्ट है कि नगर परिषद/निगम द्वारा इन चार वर्षों में अपने क्षेत्र में नवनिर्मित एक भी भवन के लिये सम्पत्तिकर निर्धारण नहीं किया गया था। आय के सीमित संसाधनों से जूझती नगर परिषद/निगम द्वारा आय के इस महत्वपूर्ण स्त्रोत का दोहन न करना किसी भी प्रकार से तर्कसंगत नहीं है।

अतः नगर निगम परिक्षेत्र में नवनिर्मित भवनों का सम्पत्ति कर निर्धारण करके, अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

4. **दिनाँक 31.03.2025 को माँग व प्राप्ति रजिस्टर का अद्यतन न करते हुये अन्तशेष की गणना करके दर्ज न करना:–**

अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत अभिलेख की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि सम्पत्तिकर माँग व प्राप्ति रजिस्टर का अद्यतन करते हुये दिनांक 31.03.2025 को वसूली हेतु बकाया अन्तशेष की गणना करके दर्ज नहीं किया गया था। इस अनियमितता के कारण बकाया सम्पत्तिकर वसूली की अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत सूचना का सत्यापन सम्भव नहीं हो पाया है।

सम्पत्तिकर बकाया, माँग व प्राप्ति तथा अन्य सम्बन्धित अभिलेख अनुरक्षण में पाई गई उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•–शिमला/अंके. अधि./2025/–100 दिनांकः 24/05/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मामले में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.3) दुकान/भवन तथा अन्य परिसम्पत्तियों के बकाया किराया, माँग व प्राप्ति तथा अभिलेख अनुरक्षण में पाई गई अनियमितताओं बारे।**

**1. 1 से 18 वर्षों (7 से 212 माह) तक ₹78.26 लाख की दुकान किराये की राशि वसूली हेतु लम्बित होने पर भी कोई ठोस कार्रवाई न करना:–**

दुकान किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर तथा प्रस्तुत अभिलेख की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि 148 किरायेदारों से कुल ₹1,17,53,371/– की बकाया किराया राशि में से **परिशिष्ट "32"** पर दिये विवरणानुसार **₹78,25,847/–(66.58%)** की राशि 63 किरायेदारों द्वारा पिछले ***7 से लेकर 212 माह (18 वर्ष)*** से चुकता नहीं की गई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि यह किरायेदार बकाया किराये का भुगतान करने के इच्छुक ही नहीं है। यह स्थिति अत्यन्त चिन्तनीय है। अतः इन किरायेदारों से बकाया किराये की वसूली न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट करते हुए हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1994 के नियम 258 के उप नियम (2) तथा (3) के प्रावधानों के आधार पर इनके विरूद्ध प्राथमिकता के आधार पर ठोस कार्रवाई करके बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को भी तदानुसार अवगत करवाया जाए।

2. **वसूली हेतु किराये के अन्तशेष की ₹13855/– राशि को कम दर्शाकर किरायेदारों को अनुचित लाभ देना:–** दुकान किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर तथा प्रस्तुत अभिलेख की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि निम्न तालिका में वर्णित 5 किरायेदारों से दिनाँक 31.03.2025 को वसूली हेतु अन्तशेष की **₹13855/–** की राशि को कम दर्शाकर बकायेदारों को अनुचित लाभ प्रदान किया गया था।

| क्रम | दुकानदार का नाम | दुकान संख्या/पता | 31.03.2025 को माँग व संग्रहण रजिस्टर में दर्ज अन्तशेष (₹) | 31.03. 2025 को वास्तविक अन्तशेष (₹) | कम दर्शाया गया अन्तशेष (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sh vinod kumar | Shop no-8 ward no 5 lower bazaar Nehru school to bhota chowk | 0 | 1800 | 1800 |
| 2 | Sh Hari singh | Shop no-8 ward no 5 lower bazaar Nehru school to bhota chowk | 24748 | 25475 | 727 |
| 3 | Sh kehar singh | Shop 5 ward no-2 near MC rest house | 27995 | 29792 | 1797 |
| 4 | Sh Abhishek gupta | Shop no 9 ward no-6 near gandi gate sarai | 40828 | 49828 | 9000 |
| 5 | Sh Sandeep pathania | Shop no 3 ward no 2 near MC rest house | 174876 | 175407 | 531 |
| | | | | **TOTAL** | **13855** |

3. **₹38.23 लाख की वसूली शेष होने पर भी वर्ष 2023–24 व 2024–25 के लिये 15 बकायेदारों की किराया माँग दर्ज न करना:–**

दुकान किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर तथा प्रस्तुत अभिलेख की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि **परिशिष्ट "33"** पर वर्णित 15 बकायेदारों के विरूद्ध दिनांक 31.03.2025 को ₹38,23,037/–का किराया वसूली हेतु शेष होने पर भी इनके विरूद्ध वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 के लिये नई किराया माँग रजिस्टर में दर्ज नहीं की गई थी। इस कारण नगर निगम निधि को अनुचित हानि हुई। अतः इन किरायेदारों की मांग वर्तमान अवधि तक दर्ज करके, अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

4. **मुख्य रोकड़ बही तथा किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर में दर्ज किराया वसूली की राशि में वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में क्रमशः ₹75974/– व ₹238864/– के अन्तर बारे:–**

दुकान किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर तथा प्रस्तुत अभिलेख की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि रोकड़ बही प्रविष्टियों के अनुसार तैयार माहवार आय व्यय के आंकड़ों तथा किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर के आधार पर तैयार सूचना अनुसार किराया वसूली विवरणी में दर्शाई गई किराया वसूली की राशि में निम्न तालिका अनुसार वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में क्रमशः ₹75,974/– व ₹2,38,864/– का अन्तर पाया गया है। यह अन्तर स्पष्ट करता है कि किराया वसूली का अभिलेख उचित तरीके से अनुरक्षित नहीं है और रोकड़िये तथा किराया वसूली शाखा में आपसी तालमेल की कमी के कारण वसूल राशि का सम्पूर्ण मिलान नहीं किया जाता है।

| क्रम | वर्ष | रोकड़ बही प्रविष्टियों के अनुसार तैयार माहवार आय व्यय के आंकड़ों अनुसार किराया वसूली (₹) | किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर के आधार पर तैयार सूचना अनुसार किराया वसूली (₹) | अन्तर (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | 2407012 | 2331038 | 75974 | रोकड़ में अधिक किराया वसूली दर्ज है। |
| 2 | 2024–25 | 3686638 | 3925502 | 238864 | रोकड़ में कम किराया वसूली दर्ज है। |

अतः उपरोक्त अन्तर बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व कृत कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

5. **किरायेदारों के साथ किये गये नवीनतम अनुबन्ध अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न करना:–** अंकेक्षण द्वारा बारम्बार मौखिक तथा लिखित अनुरोध करने पर भी किरायेदारों के साथ किये गये नवीनतम किराया अनुबन्ध अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये थे। इनके अभाव में अंकेक्षण द्वारा किराया वसूली की की माँग तथा यथासमय मासिक/वार्षिक किराया वृद्धि का सत्यापन नहीं किया जा सका है।

6. **खाली दुकानों को किराये पर देने बारे:–** अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत सूचना के अनुसार दिनांक 31.03.2025 को चार दुकाने किराये पर नहीं दिये जाने के कारण खाली थीं। इन्हे किराये पर न

देने के कारण नगर निगम निधि को निरन्तर वित्तीय हानि हो रही है। अतः इस चूक बारे तथ्यों सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त इन्हे यथाशीघ्र किराये पर देकर वस्तुस्थिति से तदानुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

किराया माँग व प्राप्ति रजिस्टर तथा अन्य सम्बन्धित अभिलेख के अनुरक्षण में पाई गई उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰लें॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–98 दिनांकः 19/05/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 909/Audit Memo/2023-25/MCH/2025 दिनाँक 04.07.2025 द्वारा सूचित किया कि इन आपत्तियों के सन्दर्भ में या तो आवश्यक कार्रवाई आरम्भ कर दी गई है अथवा शीघ्र ही आरम्भ कर दी जायेगी। अतः उपरोक्त अनियमितताओं बारे तथ्यों सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त नियमानुसार अनुपालना सुनिश्चित करके तदानुसार अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(13.4) तहबाजारी के बारे में अंकेक्षण टिप्पणियाँ।**

**1. रेहड़ी फड़ी वाले फुटकर व्यापारियों की संख्या का अद्यतन न करना**

तहबाजारी के अभिलेख के अंकेक्षण में पाया गया कि **परिशिष्ट "27"** में दी गई सूचना के अनुसार वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में पंजीकृत फुटकर व्यापारियों की संख्या स्थाई रूप से 192 दर्शाई गई है। मौखिक रूप से बताया गया कि यह संख्या पिछले कई वर्षों से स्थिर है क्योंकि इन व्यापारियों का पंजीकरण लगभग 12 वर्ष पूर्व किया गया था और उसके पश्चात इनकी वास्तविक संख्या जानने के लिये न तो कोई सर्वे किया गया और न ही कोई नया पंजीकरण किया गया है। नया सर्वे तथा पंजीकरण नहीं करने से तहबाजारी के प्रस्तुत अभिलेख तथा आंकड़े निम्नलिखित कारणों से अवास्तविक स्थिति प्रस्तुत करते हैं:–

- ❖ यह एक तथ्य है कि फुटकर व्यापारियों में से कुछ तो स्थाई होते हैं और कुछ अस्थाई;
- ❖ इसी प्रकार इतने वर्षों में कुछ व्यापारी व्यावसाय छोड़ चुके होंगे, कुछ अन्य व्यावसाय में अथवा अन्य स्थान पर जा चुके होंगे और कुछ की मृत्यु हो चुकी होगी;
- ❖ कुछ फुटकर व्यापारी मात्र मेले अथवा त्यौहारी मौसम में ही व्यावसाय के लिये आते हैं।
- ❖ कुछ नए फुटकर व्यापारी नगर निगम परिधि/परिक्षेत्र में भी जुड़े होंगे।

इन कारणों से इतने वर्षों से फुटकर व्यापारियों की संख्या को स्थाई रूप से 192 दर्शाना प्रबन्धकीय एवं प्रशासकीय अभाव तथा उदासीनता को दर्शाता है और आय के इस महत्वपूर्ण अभिलेख का अनुरक्षण एक औपचारिकता मात्र निभाने के लिये किया गया है। इन्ही कारणें से

दिनांक 31.03.2025 को तहबाजारी की वसूली हेतु शेष दर्शाई गई **₹15,69,240/–** की राशि भी अवास्तविक प्रतीत होती है।

**2. रेहड़ी फड़ी वाले फुटकर व्यापारियों की पंजीकरण को निरन्तर प्रक्रिया के रूप में न अपनाना:–**

तहबाजारी संग्रहण की उपरोक्त **परिशिष्ट "27"** में प्रस्तुत सूचनानुसार नगर निगम द्वारा तहबाजारी की मद में वर्ष 2023–24 में **₹9,64,240/–** तथा 2024–25 में **₹8,90,720/–** की राशि वसूल की गई जबकि दिनांक 31.03.2025 को **₹15,69,240/–** की राशि वसूली हेतु शेष थी। अभिलेख की जाँच में पाया कि तहबाजारी की वसूली पूर्णतयः खोखा तथा रेहड़ी फड़ी व्यावसायियों की कृपादृष्टि पर छोड़ रखी गई है। कोई फुटकर व्यापारी तहबाजारी का भुगतान करता है अथवा नहीं इसके प्रबन्धकीय नियन्त्रण हेतु कोई व्यवस्था स्थापित नहीं की गई है। नगर निगम के पास तहबाजारी रसीदों के अतिरिक्त कोई भी अभिलेख इस वसूली की माँग व संग्रहण के सत्यापन हेतु संकलित नहीं है। जबकि ***Street Vendors (Protection of Livlihood and Regulation of Street Vending) Act, 2014*** में दिये प्रावधानानुसार आय के इस एक महत्वपूर्ण स्त्रोत के उचित वित्तीय प्रबन्धन हेतु निम्नलिखित व्यवस्था स्थापित किया जाना अपेक्षित था।

- *उपरोक्त अधिनियम नियम 3 के अनुसार Town Vending Committee प्रथम सर्वे के पश्चात प्रत्येक पाँच वर्षों में एक बार फुटकर व्यापारियों का सर्वे करेगी।*
- *नियम 3 के अनुसार Town Vending Committee द्वारा सभी चयनित फुटकर व्यापारियों को व्यवसाय प्रमाण पत्र जारी करेगी।*
- *नियम 8 के अनुसार उपरोक्त प्रमाण पत्र के लिये निर्धारित शुल्क वसूल किया जायेगा।*
- *नियम 9 के अनुसार प्रमाण पत्र का निर्धारित अवधि पर नवीनीकरण सुनिश्चित किया जायेगा।*
- *नियम 6 के अनुसार प्रत्येक फुटकर व्यवसायी का वर्गीकरण स्थायी (Stationary), घुमन्तु (Mobile) तथा अन्य (Any Other) के रूप में करते हुये उन्हें व्यावसाय हेतु स्थान विशेष चिन्हित करना होगा।*
- *तहबाजारी के लिये माँग व संग्रहण के वित्तीय नियन्त्रण हेतु संकलित रजिस्टर का अनुरक्षण करना।*

परन्तु नगर निगम द्वारा न तो इन नियमों का पालन किया गया था और न ही कोई व्यवस्था स्थापित करते हुये संकलित अभिलेख अनुरक्षित किया गया था। इस कारण वसूल की गई राशि का सत्यापन नहीं किया जा सका। उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–120 दिनांकः 04/07/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मामले में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.5) शहरी बेघर नागरिकों के लिये निर्मित आश्रय (Shelter for Urban Homeless) के किराये की वसूली न करने के कारण नगर परिषद/निगम निधि को ₹30.24 लाख की सम्भावित हानि।**

नगर परिषद/निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत अभिलेख तथा सूचना **(परिशिष्ट "34")** की जाँच में पाया गया कि नगर परिषद/निगम द्वारा राष्ट्रीय शहरी रोजगार मिशन निधि से शहरी निराश्रितों के लिये आश्रय (Shelter for Urban Homeless) निर्माण करवाया गया था जिसमें 30 बिस्तर (गद्दों, चद्दर, तकिया, कम्बल इत्यादि सहित) लगाये गये थे। इस आश्रय में आने वाले अतिथियों के लिये ₹100/– की प्रतिदिन प्रति बिस्तर की किराया दर निर्धारित की गई थी। यह आश्रय दिनाँक 22.04.2021 को डा॰ राधा कृष्णन आयुर्विज्ञान महाविद्यालय हमीरपुर के नियन्त्रण में दे दिया गया था जिसका कारण महाविद्यालय में स्थान की कमी बताया गया। परन्तु इसका नियन्त्रण आयुर्विज्ञान महाविद्यालय को देने के पश्चात वर्तमान अंकेक्षण तक इस सम्पत्ति के प्रयोग के लिये नगर परिषद/निगम द्वारा किसी प्रकार की किराया माँग नहीं की गई है। इस कारण जहाँ एक ओर इस भवन के निर्माण का उद्देश्य 22.04.2021 के पश्चात सफल नहीं हो सका वहीं दूसरी ओर नगर परिषद निधि को निम्न गणना अनुसार ₹30,24,000/– की सम्भावित हानि हुई है।

| क्रम | वर्ष | वर्ष में अधिकतम दिनों की संख्या | 30 बिस्तरों की दर से वर्ष में अतिथियों की अधिकतम संख्या | 70% टॉक्यूपैन्सी की दर से सम्भावित अतिथियों की संख्या | ₹100/– की प्रतिदिन प्रति बिस्तर की दर से वर्ष में कुल अपेक्षित किराया वसूली (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2021–22 | 344 | 10320 | 7224 | 722400 |
| 2 | 2022–23 | 365 | 10950 | 7665 | 766500 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2023–24 | 366 | 10980 | 7686 | 768600 |
| 4 | 2024–25 | 365 | 10950 | 7665 | 766500 |
| | **कुल योग** | **1440** | **43200** | **30240** | **3024000** |

उपरोक्त अनियमितता के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–121 दिनांकः 09/07/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मामले में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.6) वाहन पार्किंग से अर्जित आय में पाई गई अनियमितताएँ।**

नगर परिषद/निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 तक के लेखों के अंकेक्षण दौरान वाहन पार्किंग से अर्जित आय के अंकेक्षण में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गई हैं।

1. **वर्ष 2024–25 की आय में 2023–24 की तुलना में ₹6.40 लाख की कमी आना:–**

   वर्ष 2023–24 में नगर निगम द्वारा वाहन पार्किंग से ₹11,52,155/– की आय अर्जित की थी जबकि वर्ष 2024–25 में यह कम होकर मात्र ₹5,12,236/– रह गई है। आय अर्जन में इस ₹6,39,919/– की कमी के सत्यापन हेतु कोई अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया।

2. **वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में वाहन पार्किंग शुल्क की कम वसूली के कारण ₹5.31 लाख का सम्भावित हानिः–** नगर निगम के पास वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में निम्न तालिका में वर्णित चार वाहन पार्किंगें थीं जिनमें उपलब्ध करवाई गई सूचना तथा अभिलेख अनुसार लगभग 108 कारें पार्क की जा सकती हैं।

| क्रम | वाहन पर्किंग का नाम/पता | अधिकतम वाहन/ कार पार्किंग क्षमता | **औसतन 12 घण्टे की ₹40/– प्रति कार पार्किंग दर से औसत 80% ऑक्यूपैन्सी के आधार पर एक वर्ष में सम्भावित आय। [(No. of cars X ₹40 X365) X 80%]** |
|---|---|---|---|
| 1 | टाउन हॉल पार्किंग | 30 | 350400 |
| 2 | सब्जी मण्डी पार्किंग | 15 | 175200 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | पी डबल्यू डी कॉलोनी के नज़दीक पार्किंग | 25 | 292000 |
| 4 | नगर परिषद सराय पार्किंग (दो मंजिलें) | 24 | 280320 |
| | **एक वर्ष में कुल सम्भावित आयः–** | **108** | **1097920** |
| | **दो वर्ष में कुल सम्भावित आयः–** | | **2195840** |
| | **वास्तव में अर्जित कुल आय (1152155+512236)** | | **1664391** |
| | **कम अर्जित आय के रूप में सम्भाावित हानि** | | **531449** |

कार पार्किंग शुल्क हेतु 1, 6, 12 तथा 24 घण्टे के लिये क्रमशः ₹15, ₹25, ₹40 तथा ₹60 की दरें निर्धारित की गई थीं। परन्तु गणना को सरल रखते हुये औसतन 12 घण्टे की ₹40/– प्रति कार पार्किंग दर से **औसत 80% ऑक्यूपैन्सी के आधार** पर उपरोक्त गणना अनुसार इन दो वर्षों में कुल ₹21,95,840/– की आय कार पार्किंग से अर्जित किया जाना सम्भाावित था। परन्तु वास्तविक आय मात्र ₹16,64,391/– ही अर्जित की गई थी। इससे प्रतीत होता है कि प्रबन्धकीय चूक अथवा अन्य कारणों से नगर निगम निधि को इन दो वर्षों में कार पार्किंग शुल्क की मद में ₹5,31,449/– की सम्भाावित हानि हुई है।

**3. नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर एकत्र वाहन पार्किंग शुल्क की आय का अभिलेख संकलित न करनाः–** कार पार्किंग माँग व संग्रहण रजिस्टर में केवल वर्ष 2023–24 के लिये ठेके पर दी गई पार्किंगों से अर्जित आय की प्रविष्टियाँ ही दर्ज हैं। वर्ष 2024–25 में पार्किंग शुल्क की वसूली नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर की गई थी जिसके लिये माँग व प्राप्ति का विस्तृत अभिलेख अनुरक्षित नहीं है। केवल रसीदें तथा रोकड़ बही में आय की प्रविष्टियाँ ही अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की गई। इस कारण अर्जित आय का सम्पूर्ण सत्यापन नहीं हो पाया है।

उपोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•—शिमला/अंके. अधि./2025/—111 दिनांकः 13/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस मामले में यथाशीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.7) शराब उपकर की वसूली न होना**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•—शिमला/अंके. अधि./2025/—23 दिनांकः 01/02/2025 के उत्तर में प्रस्तुत आय व्यय के आँकड़ों के अवलोकन पर पाया गया कि नगर निगम को शराब उपकर की मद में वर्ष 2023—24 तथा 2024—25 में कोई प्राप्ति सम्बन्धित विभाग से नहीं हुई थी। अतः आय के इस संसाधन के दोहन हेतु प्राथमिकता के आधार पर मामला सम्बन्धित विभागों साथ उठाकर वसूली सुनिश्चित करते हुये अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.8) विद्युत उपकर की वसूली न होना**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•—शिमला/अंके. अधि./2025/—23 दिनांकः 01/02/2025 के उत्तर में प्रस्तुत आय व्यय के आँकड़ों के अवलोकन पर पाया गया कि नगर निगम को विद्युत उपकर की मद में वर्ष 2023—24 में कोई प्राप्ति सम्बन्धित विभाग से नहीं हुई थी। अतः आय के इस संसाधन के दोहन हेतु प्राथमिकता के आधार पर मामला सम्बन्धित विभाग के साथ उठाकर वसूली सुनिश्चित करते हुये अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.9) सफाई व्यवस्था पर व्यय तथा एकत्र शुल्क पर अंकेक्षण टिप्पणियाँ:—**

आयुक्त, नगर निगम द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•—शिमला/अंके. अधि./2025/—105 दिनांकः 31/05/2025 के सन्दर्भ में पत्र संख्याः MCH/477 दिनाँक 03.06.2025 **(परिशिष्ट "35")** द्वारा सूचित किया गया कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2023—24 तथा 2024—25 में 3723.468 (1350.500+2372.968) मीट्रिक टन बायोडिग्रेडेबल तथा 2927.274 (985.500+1941.774) मीट्रिक टन (कुल 6650.742 मीट्रिक टन) ठोस अपशिष्ट के सन्ग्रहण तथा निस्तारण पर कुल **₹5,64,07,039/— (21811148+34595891)** की राशि व्यय की गई थी।

परन्तु घर द्वार कचरा संग्रहण शुल्क के माँग व प्राप्ति रजिस्टर के अवलोकन पर पाया गया कि नगर निगम द्वारा आवासीय भवनों से ₹60/– तथा व्यावसायिक भवनों के लिये ₹80/– से ₹2000/– की मासिक दर से इन दो वर्षों में कुल **₹1,29,23,184/– (5015900+7907284)** की राशि की वसूली की गई थी जबकि **₹89,59,069/–** की राशि की वसूली शेष थी। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत कचरा संग्रहण शुल्क की व्यवस्था इसलिये रखी गई है ताकि नागरिकों की भी सफाई व्यवस्था में भागीदारी सुनिश्चित हो सके तथा उन्हें भी अपने दायित्व का बोध रहे। शुल्क दरों से स्पष्ट है कि दो वर्षों में सफाई व्यवस्था पर किये गये **₹564.07** लाख के व्यय की तुलना में यह **₹129** लाख की प्रतिपूर्ती नाममात्र (23%) ही है तथा उसमें भी सभी नागरिको से शुल्क वसूली यथासमय न करना कतई तर्कसंगत नहीं है। प्रस्तुत अभिलेख तथा सफाई व्यवस्था हेतु अपनाई गई व्यवस्था के विश्लेषण से स्पष्ट है कि;

1. नगर निगम को कचरा संग्रहण शुल्क की दरों को संशोधित करके तर्कसंगत तथा व्यावहारिक बनाने की आवश्यकता है; तथा
2. सभी नागरिको को इस शुल्क का भुगतान करने हेतु प्रोत्साहित किया जाये ताकि इस पर किये जा रहे व्यय में से अधिकतम राशि की प्रतिपूर्ती सम्भव हो सके।

अतः इस अनियमितता के बारे में वस्तुस्थिति तथ्यों सहित स्पष्ट करना तथा नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(13.10) नगर निगम हमीरपुर की स्वः स्त्रोतों के आय के संग्रहण तथा अभिलेखन में पाई प्रमुख विसंगतियों का सार तथा आय संसाधनों को सुदृढ़ तथा व्यवस्थित करने की नितान्त आवश्यकता के लिए अंकेक्षण के सुझाव।**

हिमाचल प्रदेश में शहरी नगर निकाय शहरी क्षेत्रों में विकास और जीवन गुणवत्ता को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिर भी प्रदेश में अधिकतर निकाय वित्तीय बाधाओं का सामना करते है जोकि आवश्यक सेवायें देने तथा बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को पूरा करने की उनकी क्षमताओं को सीमित करता है। नगर निकाय आय के दो महत्वपूर्ण स्वः स्त्रोत संसाधन तथा सरकारी अनुदान हैं। इसमें से स्वः स्त्रोत संसाधनों का जितना अधिक सुदृढ़िकरण किया जायेगा उतनी ही अधिक वित्तीय स्वतन्त्रता नगर निकाय के पास होगी। आय स्त्रोतों का विस्तार और विविधीकरण उनकी दीर्घकालिक स्थिरता के लिये महत्वपूर्ण है। नगर निगम हमीरपुर के सन्दर्भ में इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु किसी अंकेक्षण सुझाव से पूर्व अंकेक्षणावधि के दो वर्षों में नगर निगम हमीरपुर की स्वः स्त्रोतों

तथा अनुदानों से प्राप्त आय के परस्पर सहसम्बन्ध की विवेचना आवश्यक है और जिससे स्पष्ट होता है कि वर्तमान में निगम अपनी आवश्यकताओं तथा विकास योजनाओं के निष्पादन हेतु अधिकतर सरकारी अनुदानों पर ही निर्भर है। इन दोनो स्त्रोतों के सहसम्बन्ध को सार रूप में निम्न तालिका से स्पष्ट किया जा सकता है।

| | 2023–24 | 2024–25 |
|---|---|---|
| स्वः–स्त्रोतों से आय (ब्याज के बिना) (₹) | 22452995 | 27949423 |
| अनुदानों से आय (₹) | 92123045 | 91123131 |
| **कुल योग (₹)** | **114576040** | **119072554** |
| **कुल आय की तुलना में स्वः–स्त्रोतों से आय की प्रतिशतता** | **20%** | **23%** |

आय संसाधनों के सुदृढिकरण एवं विविधीकरण हेतु किसी सुझाव से पूर्व यह समझ लेना भी उचित होगा कि हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के प्रावधानों के अनुसार नगर निगम किन–किन सम्भावित स्त्रोतों से आय सृजित करने के लिये प्राधिकृत है। सन्दर्भ हेतु इन स्त्रोतों को निम्न प्रकार से सार रूप में परिभाषित किया जा सकता है:–

1. **स्वः–स्त्रोतः** स्वस्त्रोतों के प्रमुख घटक निम्न प्रकार से है।

**(क) कर राजस्वः**

1. सम्पत्ति कर (Property Tax):– यह नगर निगम आय का प्रमुख स्त्रोत है जिसे गृहकर भी कहा जाता है। इसका निर्धारण सम्पत्तियों के मूल्य पर वार्षिक दर के आधार पर किया जाता है।
2. व्यवसाय कर (Professional Tax):– यह विभिन्न व्यवसाय में संलिप्त व्यवसायियों के लिये वार्षिक दर के आधार पर निर्धारित किया जाता है।
3. वाहन कर (Vehicle Tax):– नगर निगम सीमाओं के भीतर पंजीकृत वाहनों के लिये यह कर वसूल कर सकता है।
4. अन्य कर (Other Taxes):– विज्ञापन कर, मनोरंजन/सीनेमा कर, आदि कर इनमें शामिल हो सकते हैं।

**(ख) गैर कर राजस्व (शुल्क):**

1. तहबाजारी (Tehbazari):– रेहड़ी फड़ी वाले फुटकर व्यापारियों से नगर निगम/सरकार की खाली भूमि पर चिन्हित स्थान पर व्यापार करने की अनुमति के बदले यह शुल्क दैनिक दर के आधार पर वसूल किया जाता है।
2. किराया (Rent):– नगर निगम द्वारा निर्मित अपनी दुकानों, अन्य सम्पत्तियों तथा खाली भूमि को विविध व्यावसायिक अथवा गैर व्यावसायिक गतिविधियों के लिये यह किराया वसूल किया जाता है।
3. भवन योजना अनुमोदन शुल्क (Map Approval Fees) :– नगर निगम सीमाओं के भीतर निर्मित किये जाने वाले नये भवनों के नगर निगम तथा नगर नियोजन विभाग के नियमों के अनुसार अनुमोदन के लिये यह शुल्क वसूल किया जाता है।
4. व्यापार लाईसैंस (Trade License) :– नगर निगम सीमाओं के भीतर कार्यरत व्यवसायियो को उपलब्ध करवाई जा रही विभिन्न सेवाओं के शुल्क के रूप में यह वसूल किया जाता है।
5. कुत्ता/पशु पंजीकरण शुल्क (Dog/Animal Registration Fees) :– नगर सीमाओं के भीतर पालतू पशुओं के अनिवार्य पंजीकरण के रूप में वसूल किया जायेगा।
6. वाहन पार्किंग शुल्क (Vehicle Parking Fees) :– नगर निगम द्वारा अपनी खाली भूमि पर निर्मित पार्किंगों तथा सड़कों के किनारे उपलब्ध खाली स्थानों को पार्किंग हेतु चिन्हित करके यह शुल्क वसूल किया जाता है।
7. विज्ञापन शुल्क (Advertisement Fees) :– यह शुल्क नगर निगम सीमा के भीतर चिन्हित स्थानों पर विज्ञापन/होर्डिंग प्रदर्शन पर वसूल किया जाता है।
8. ब्याज व लाभाँश (Interest & Dividend) :– नगर निगम निधि में से सामयिक आवश्यकता के अतिरिक्त उपलब्ध राशि को बैंक सावधि जमा योजनाओं अथवा राज्य/केन्द्र सरकार की निवेश योजनाओं में निवेशित करने पर यह आय प्राप्त होगी।

**(ग) अन्य स्त्रोत (Other Resources):-**

1. दान (Donations) विभिन्न संस्थाओं तथा व्यापारिक प्रतिष्ठानों से किसी विशेष सार्वजनिक उद्देश्य की पूर्ती हेतु यह प्राप्त हो सकता है।

2. विकास शुल्क (Development Fees) :– नगर सीमाओं के भीतर बुनियादी ढाँचे के विकास की अनुमति के लिये यह शुल्क वसूल किया जाता है।

3. विविध नियमों की अवहेलना पर दण्ड राशि वसूली (Fine on violation of Rules and Regulations):– नगर नियोजन, कचरा प्रबन्धन, प्लास्टिक व पॉलीथीन प्रयोग तथा अन्य इसी प्रकार के विविध प्रावधानों की अवहेलना पर यह दण्ड राशि वसूल की जाती है।

4. बिजली तथा शराब उपकर (Electricity and Liquor Cess):– यह उपकर नगर निगम सीमा के भीतर उपयोग की बिजली के लिये हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद तथा शराब बिक्री पर आबकारी एवं कराधान विभाग से वसूल किया जाता है।

2. **सरकारी अनुदान (Government Grants in Aid):–**

राज्य तथा केन्द्र सरकार से विभिन्न विकास परियोजनाओं के निष्पादन तथा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु यह अनुदान प्राप्त होते हैं।

**आय संसाधनों के सुदृढ़िकरण एवं विविधीकरण हेतु अंकेक्षण सुझावः**– नगर निगम हमीरपुर के आय संसाधनों के सुदृढ़िकरण एवं विविधीकरण हेतु निम्नलिखित अंकेक्षण सुझाव प्रस्तावित हैः–

**1. कर संग्रहण को युक्तिसंगत व अनुकूलित करना (Rationalizing and optimizing tax collection):**– नगर निगम हमीरपुर द्वारा मात्र सम्पत्तिकर की ही वसूली की जा रही है। सम्पत्तिकर संग्रहण हेतु भी कोई अधिक गम्भीर प्रयत्न किये गये परिलक्षित नहीं होते हैं। **परिशिष्ट "24"** पर प्रस्तुत दो वर्षों की सम्पत्तिकर माँग व संग्रहण विवरणी के अवलोकन से स्पष्ट है कि दोनो वर्षों में ₹147.15 लाख की वार्षिक माँग के विरूद्ध वर्ष 2023–254 में ₹98.36 लाख तथा 2024–25 में ₹128.28 लाख का संग्रहण हुआ था। दिनाँक 31.03.2025 को भी ₹240.72 लाख की राशि वसूली हेतु शेष थी। चूंकि सम्पत्तिकर माँग व संग्रहण अभिलेख का अद्यतन नगर निगम द्वारा नहीं किया था इसलिये यह आँकडे भी पूर्णतः विश्वसनीय नहीं हैं। अतः इस कर के यथासमय संग्रहण व बकाया वसूली हेतु हेतु हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के नियम 123 से 143 कार्रवाई सुनिश्चित करने के अतिरिक्त भविष्य हेतु आधुनिक तकनीक आधारित एक सटीक तथा कुशल व्यवस्था स्थापित की जाये।

**2. अन्य करों, जिनका दोहन नहीं किया गया, के अधिरोपण तथा संग्रहण हेतु कोई गम्भीर प्रयत्न करना:–** सम्पत्तिकर के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के नियम 84 में प्रावधित व्यवसाय कर, वाहन कर, विज्ञापन कर, मनोरंजन/सीनेमा कर, आदि अन्य करों के अधिरोपण तथा संग्रहण हेतु कोई प्रयत्न किया गया हो ऐसा प्रतीत नहीं होता है। अतः इन करों के अधिरोपण तथा वसूली हेतु यथाशीघ्र नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

**3. गैर कर आय के सभी संसाधनों का दोहन न करना:–** गैर कर आय संग्रहण के अवलोकन पर पाया गया है कि नगर निगम हमीरपुर द्वारा दुकान/सम्पत्ति किराया, तहबाजारी, भवन मानचित्र अनुमोदन शुल्क तथा कचरा प्रबन्धन शुल्क के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 में प्रावधित अन्य किसी भी गैर कर आय के संसाधन के दोहन हेतु कोई प्रयत्न नहीं किया गया था। इन तीन स्त्रोतों से आय संग्रहण की स्थिति भी कुछ अधिक सन्तोषजनक नहीं है। दिनांक 31.03.2025 को इन तीन स्त्रोतों से ₹2,22,79,876/– (11751571+1569240+8959065) की राशि वसूली हेतु शेष थी। इनके संग्रहण तथा अभिलेख में पाई गई त्रुटियों बारे विस्तृत चर्चा गत उप–अनुच्छेदों में की जा चुकी है। अतः इन स्त्रोतों से आय के यथासमय संग्रहण व बकाया वसूली हेतु हेतु हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 के नियम 123 से 143 कार्रवाई सुनिश्चित करने के अतिरिक्त भविष्य हेतु आधुनिक तकनीक आधारित एक सटीक तथा कुशल व्यवस्था स्थापित की जाये।

**4. अन्य गैर कर आय स्त्रोत जिनका दोहन नहीं किया गया था:–**

हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 में प्रावधित अन्य गैर कर आय स्त्रोत जिनका दोहन नहीं किया गया था उनका विवरण उपरोक्त उद्धृत है। नगर पालिका/निगम द्वारा अपने स्तर अधिरोपित किये जाने वाले व्यवसाय लाईसैंस शुल्क, कुत्ता/पशु पंजीकरण शुल्क, विज्ञापन शुल्क, विकास शुल्क, विविध नियमों की अवहेलना पर दण्ड राशि, आदि शुल्कों की तो वसूली हेतु कोई प्रयास किया ही नहीं गया था अपितु इसमें भी अतिशयोक्ति तो यह है कि बिजली तथा शराब उपकर की वसूली हेतु भी सम्बन्धित विभागों के साथ पिछले लगभग चार वर्षों से मामला तक नहीं उठाया गया था। अतः इन शुल्कों के अधिरोपण तथा वसूली हेतु यथाशीघ्र नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

**5. गैर कर आय के स्त्रोतों की दरों तथा उपयोगकर्ता शुल्कों का नियमित रूप से संशोधन तथा अद्यतन करना:–** सम्पत्ति/दुकान किराया, पार्किंग शुल्क तथा सार्वजनिक सुविधाओं जैसे कचरा संग्रहण एवं प्रबन्धन शुल्क आदि की दरों में नियमित रूप से संशोधन तथा परिचालन लागत के अनुरूप

इनका अद्यतन किया जाना आवश्यक है। इसके बिना इन विशिष्ट सेवाओं के स्तर को बनाये रखना सम्भव नहीं है।

**6. कर तथा शुल्क अधिरोपण तथा संग्रहण प्रक्रिया का सरलीकरण:–** कर तथा शुल्क अधिरोपण तथा संग्रहण प्रक्रिया को नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुये यथासम्भव पारदर्शी तथा सरल बनाकर अनुपालना को प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक है।

**14. संस्थापना व्यय।**

**(14.1) श्री नेक मोहम्मद, मिस्त्री के गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹3.29 लाख का अधिक व अनियमित भुगतान।**

श्री नेक मोहम्मद, मिस्त्री की सेवा पँजिका जाँच में पाया गया है कि **परिशिष्ट "36"** पर संलग्न विवरण अनुसार उनके गलत वेतन निर्धारण के कारण **दिनांक 01.01.2016 से 31.03.2025 तक ₹329216/–** का अधिक भुगतान वेतन व भत्तों के रूप में किया गया था जिसकी विस्तृत गणना **परिशिष्ट "37"** पर संलग्न है। उनके वेतन निर्धारण/संशोधन में निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गई हैं।

1. श्री नेक मोहम्मद को दिनांक 01.10.2012 से वेतन पुर्नसंशोधन का कोई लाभ नहीं मिला था। वेतन संशोधन नियम, 2022 के आधार पर इन्होंने वेतन संशोधन हेतु 2.59 फैक्टर का विकल्प चुना था जिसके नियम 7 के अनुसार इस फैक्टर के विकल्प के साथ इनके दिनांक 31.12.2015 के वास्तविक वेतन के आधार पर वेतन संशोधन किया जाना था।
2. दिनांक 31.12.2015 को कर्मचारी ₹10300/– (8350+1950 ग्रेड पे) वास्तविक वेतन के रूप में आहरित कर रहा था जो उक्त फैक्टर के साथ ₹26677/– बनता है। इसके आधार पर उनका वेतन पे मैट्रिक्स के लेवल 4 के सैल 10 में ₹26900/– के लिये संशोधित किया जाना अपेक्षित था।
3. परन्तु नगर निगम द्वारा श्री नेक मोहम्मद का दिनाँक 31.12.2015 का आहरित वेतन ₹10400/– लेकर पे मैट्रिक्स के लेवल 4 के सैल 11 में ₹27700/– के लिये संशोधित किया गया था।
4. इसके साथ ही श्री नेक मोहम्मद को 01.01.2016 से वेतन संशोधन का लाभ देते समय दिनांक 22.08.2016 को 9 वर्ष तथा 22.08.2021 को 14 वर्ष सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS का लाभ भी दिया गया है।

5. परन्तु सेवा पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि यह लाभ उन्हें संशोधन पूर्व के वेतनमान में कभी जारी ही नहीं किया गया था। इस योजना में उन्हें मात्र 22.08.2011 को 4 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने पर ही लाभ दिया गया था।
6. इससे स्पष्ट है कि 9 तथा 14 वर्ष के लाभ को जारी करने के लिये नियमानुसार अपेक्षित विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुती तथा सक्षम प्राधिकारी का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं हुआ है।
7. उपरोक्त के अतिरिक्त श्री नेक मोहम्मद के वेतन संशोधन आदेश को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित भी नहीं किया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–92 दिनांक: 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। चूंकि यह अधिक व अनियमित भुगतान वेतन संशोधन के परिणामस्वरूप किया गया है जिसके बकाया का सम्पूर्ण वास्तविक भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। अतः श्री नेक मोहम्मद के वेतन संशोधन आदेश में नियमानुसार आवश्यक संशोधन करके पहले से गणना किये गये बकाया भुगतान तथा उपरोक्त वर्णित वसूली का सम्मेलन करके ही वास्तविक बकाया राशि का भुगतान अथवा अधिक हुये भुगतान की वसूली की जाये। उपरोक्त अधिक व अनियमित भुगतान की गणना दिनाँक 31.03.2025 तक के लिये की गई है। इसके बाद के अनियमित भुगतान की गणना नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर करके कुल राशि की वसूली यथाशीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(14.2) तीन कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये ₹5.27 लाख के अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे।**

नगर निगम में कार्यरत निम्न तालिका में वर्णित 3 कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की अंकेक्षण जाँच में पाया गया है कि सन्दर्भित परिशिष्टों पर संलग्न विवरण अनुसार उनके गलत वेतन निर्धारण के कारण दिनांक 20.11.2012 से 31.03.2025 तक ₹175639/– प्रत्येक की दर से कुल ₹526917/– का अधिक भुगतान वेतन व भत्तों के रूप में किया गया था।

| क्रम | कर्मचारी कर नाम व पदनाम | प्रथम नियुक्ति की दिनांक | गलत वेतन निर्धारण की अवधि | वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान (₹) | सन्दर्भित परिशिष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार, सफाई कर्मी | 20.11.2008 | 20.11.2012 से 31.03.2025 | **175639** | **परिशिष्ट "38 व 39"** |
| 2 | श्रीमति कुन्ता देवी, सेवादार | 20.11.2008 | 20.11.2012 से 31.03.2025 | **175639** | **परिशिष्ट "40 व 41"** |
| 3 | श्रीमति शामा देवी, सफाई कर्मी | 20.11.2008 | 20.11.2012 से 31.03.2025 | **175639** | **परिशिष्ट "42 व 43"** |
| | **कुल अधिक भुगतान** | | | **526917** | |

उपरोक्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गई थी:–

1. क्रमाँक 1 से 3 पर वर्णित कर्मचारियों को वेतन पुर्नसंशोधन का लाभ जारी करते हुये दिनांक 01.10.2012 से उनकी ग्रेड पे ₹1300/– से बढ़ाकर ₹1650/– कर दी गई थी। इस ग्रेड पे संशोधन उपरान्त, हिमाचल प्रदेश सरकार वित्त विभाग के पत्र संख्या Fin(PR)-B(7)-64/2010 दिनांक 26.02.2013 द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर इन कर्मचारियों को ACPS (4-9-14) के अनुसार 4 वर्ष के सेवाकाल पर वास्तविक रूप से कोई लाभ देय नहीं था।
2. वेतन संशोधन नियम, 2022 में इन कर्मचारियों द्वारा चुने गये 2.59 फैक्टर के विकल्प के आधार पर नियम 7 के अनुसार इनके वेतन का दिनांक 01.10.2012 से नोशनल आधार पर पुर्ननिर्धारण किया जाना था जिसमें वार्षिक वेतनवृद्धि के अतिरिक्त कोई लाभ देय नहीं था।
3. परन्तु नगर निगम द्वारा उपरोक्त दिनांक 26.02.2013 के निर्देशों की अवहेलना करते हुये इन कर्मचारियों का वेतन पुर्ननिर्धारण करते समय दिनांक 20.11.2012 को 4 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS (4-9-14) के अन्तर्गत एक वेतनवृद्धि तथा ₹1400/– ग्रेड पे का लाभ नोशनल आधार पर जारी किया गया है।
4. नोशनल वेतन निर्धारण में ACPS का अनियमित लाभ जारी किये जाने के कारण दिनांक 01.01.2016 के ₹8000/– के वेतन के साथ इन सभी का वेतन संशोधन पे मैट्रिक्स के लेवल 1 के सैल 6 में ₹20900/– के लिये किया था।

5. जबकि वास्तव में यह वेतन संशोधन (4 वर्ष के ACPS लाभ के बिना) ₹7660/– के अपेक्षित नोशनल वेतन के आधार पर पे मैट्रिक्स के लेवल 1 के सैल 6 में ₹20300/– के लिये किया जाना था।
6. इसके साथ ही इन कर्मचारियों को 01.01.2016 से वेतन संशोधन का लाभ देते समय दिनांक 20.11.2017 को 9 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS का लाभ भी दिया गया है।
7. परन्तु सेवा पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि यह लाभ उन्हें संशोधन पूर्व के वेतनमान में कभी जारी ही नही किया गया था।
8. इससे स्पष्ट है कि 9 वर्ष के ACPS लाभ को जारी करने के लिये नियमानुसार अपेक्षित विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुती तथा सक्षम प्राधिकारी का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं हुआ है।
9. उपरोक्त के अतिरिक्त इन सभी कर्मचारियों के वेतन संशोधन आदेश को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित भी नहीं किया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–93 दिनांकः 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर मे आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। चूंकि यह अधिक व अनियमित भुगतान वेतन संशोधन के परिणामस्वरूप किया गया है जिसके बकाया का सम्पूर्ण वास्तविक भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। अतः इन सभी के वेतन संशोधन आदेश में नियमानुसार आवश्यक संशोधन करके पहले से गणना किये गये बकाया भुगतान तथा उपरोक्त वर्णित वसूली का समामेलन करके ही वास्तविक बकाया राशि का भुगतान अथवा अधिक हुये भुगतान की वसूली की जाये। उपरोक्त अधिक व अनियमित भुगतान की गणना दिनाँक 31.03.2025 तक के लिये की गई है। इसके बाद के अनियमित भुगतान की गणना नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर करके कुल राशि की वसूली यथाशीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(14.3) ग्यारह कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये ₹21.73 लाख के अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे।**

नगर निगम में कार्यरत निम्न तालिका में वर्णित 11 कर्मचारियों की सेवा पैंजिकाओं की अंकेक्षण जाँच में पाया गया है कि सन्दर्भित परिशिष्टों पर संलग्न विवरण अनुसार उनके गलत वेतन

निर्धारण के कारण वर्णित अवधि में वर्ष 2011 से लेकर 31.03.2025 तक कुल ₹2173394/– का अधिक भुगतान वेतन व भत्तों के रूप में किया गया था।

| क्रम | कर्मचारी कर नाम व पदनाम | प्रथम नियुक्ति की दिनांक | गलत वेतन निर्धारण की अवधि | वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान (₹) | सन्दर्भित परिशिष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव कुमार पुत्र प्रेम लाल, बेलदार | 26.07.2007 | 26.07.2011 से 31.03.2025 | **199765** | **परिशिष्ट "44 व 45"** |
| 2 | श्री बुधू राम, सफाई कर्मी | 26.07.2007 | 26.07.2011 से 31.03.2025 | **199765** | **परिशिष्ट "46 व 47"** |
| 3 | श्री राजकुमार, सफाई कर्मी | 27.07.2007 | 27.07.2011 से 31.03.2025 | **199666** | **परिशिष्ट "48 व 49"** |
| 4 | श्री सुरेश कुमार, बेलदार | 26.07.2007 | 26.07.2011 से 31.03.2025 | **199765** | **परिशिष्ट "50 व 51"** |
| 5 | श्री रन्जीत सिंह, बेलदार | 23.08.2007 | 23.08.2011 से 31.03.2025 | **196557** | **परिशिष्ट "52 व 53"** |
| 6 | श्री सत्त पॉल, बेलदार | 21.08.2007 | 21.08.2011 से 31.03.2025 | **196754** | **परिशिष्ट "54 व 55"** |
| 7 | श्री संजीव कुमार पुत्र मिल्खी राम, बेलदार | 22.08.2007 | 22.08.2011 से 31.03.2025 | **196655** | **परिशिष्ट "56 व 57"** |
| 8 | श्री सुनील कुमार, बेलदार | 22.08.2007 | 22.08.2011 से 31.03.2025 | **196655** | **परिशिष्ट "58 व 59"** |
| 9 | श्री विजय कुमार, बेलदार | 22.08.2007 | 22.08.2011 से 31.03.2025 | **196655** | **परिशिष्ट "60 व 61"** |
| 10 | श्री दीप कुमार, बेलदार | 22.08.2007 | 22.08.2011 से 31.03.2025 | **196655** | **परिशिष्ट "62 व 63"** |
| 11 | श्री नरेश कुमार, बेलदार | 12.09.2007 | 12.09.2011 से 31.03.2025 | **194502** | **परिशिष्ट "64 व 65"** |
| **कुल अधिक भुगतान** | | | | **2173394** | |

उपरोक्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गई थी–

1. इन सभी कर्मचारियों की नियुक्ति वर्ष 2007 में होने के कारण वर्ष 2011 में 4 वर्ष के सेवाकाल के पश्चात इन्हें ACPS (4-9-14) का लाभ जारी करते समय ₹4900–10680 के पे बैण्ड में एक वेतनवृद्धि के साथ ₹1400/– की ग्रेड पे दी जानी अपेक्षित थी। परन्तु इसके स्थान पर इन्हें निर्धारित दिनांक से ₹1650/– की ग्रेड पे का लाभ दिया गया था। इस गलत वेतन निर्धारण का विस्तृत विवरण संलग्न परिशिष्टों में दिया गया है।
2. इसके साथ ही इन कर्मचारियों को 01.01.2016 से वेतन संशोधन का लाभ देते समय वर्ष 2016 में 9 वर्ष के सेवाकाल तथा वर्ष 2021 में 14 वर्ष के सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS का लाभ भी दिया गया है।
3. परन्तु सेवा पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि यह लाभ उन्हें संशोधन पूर्व के वेतनमान में कभी जारी ही नही किया गया था।
4. इससे स्पष्ट है कि 9 तथा 14 वर्ष के ACPS लाभ को जारी करने के लिये नियमानुसार अपेक्षित विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुती तथा सक्षम प्राधिकारी का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं हुआ है।
5. उपरोक्त के अतिरिक्त इन सभी कर्मचारियों के वेतन संशोधन आदेश को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित भी नहीं किया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–94 दिनांक: 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनॉक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। उपरोक्त अधिक व अनियमित भुगतान की गणना दिनॉक 31.03.2025 तक के लिये की गई है। इसके बाद के अनियमित भुगतान की गणना नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर करके कुल राशि की वसूली यथाशीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(14.4) छः कर्मचारियों के वेतन का गलत निर्धारण करके दिये गये ₹16.55 लाख के अनुचित लाभ तथा अधिक भुगतान बारे।**

नगर निगम में कार्यरत निम्न तालिका में वर्णित 6 कर्मचारियों की सेवा पंजिकाओं की अंकेक्षण जॉच में पाया गया है कि सन्दर्भित परिशिष्टों पर संलग्न विवरण अनुसार उनके गलत वेतन निर्धारण

के कारण दिनाँक 01.01.2016 से 31.03.2025 तक कुल ₹1654722/– का अधिक भुगतान वेतन व भत्तों के रूप में किया गया था।

| क्रम | कर्मचारी कर नाम व पदनाम | प्रथम नियुक्ति की दिनांक | गलत वेतन निर्धारण की अवधि | वेतन व भत्तों का अधिक भुगतान (₹) | सन्दर्भित परिशिष्ट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री कमलजीत, सफाई कर्मी | 01.01.1998 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **280188** | परिशिष्ट "66 व 67" |
| 2 | श्री राम लाल, सफाई कर्मी | 01.01.1998 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **280188** | परिशिष्ट "68 व 69" |
| 3 | श्री बलवन्त, सफाई कर्मी | 01.04.1998 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **277950** | परिशिष्ट "70 व 71" |
| 4 | श्री गुरदाश, सफाई कर्मी | 01.04.1998 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **277950** | परिशिष्ट "72 व 73" |
| 5 | श्री रवी कुमार, सफाई कर्मी | 01.04.1999 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **269223** | परिशिष्ट "74 व 75" |
| 6 | श्री पवन कुमार, सफाई कर्मी | 01.04.1999 | 01.01.2016 से 31.03.2025 | **269223** | परिशिष्ट "76 व 77" |
| | | | **कुल अधिक भुगतान** | **1654722** | |

उपरोक्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में निम्नलिखित विसंगतियाँ पाई गई थीं:–

1. इन कर्मचारियों को 01.01.2016 से वेतन संशोधन का लाभ देते समय प्रथम चार को वर्ष 2012 तथा शेष दो को 2013 में 14 वर्ष के सेवाकाल पूर्ण करने पर ACPS का लाभ दिया गया है।
2. परन्तु सेवा पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि यह लाभ उन्हें संशोधन पूर्व के वेतनमान में कभी जारी ही नही किया गया था।
3. इससे स्पष्ट है कि 14 वर्ष के ACPS लाभ को जारी करने के लिये नियमानुसार अपेक्षित विभागीय पदोन्नति समिति की संस्तुती तथा सक्षम प्राधिकारी का कोई कार्यालय आदेश जारी नहीं हुआ है।

4. उपरोक्त के अतिरिक्त इन सभी कर्मचारियों के वेतन संशोधन आदेश को सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित भी नहीं किया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–95 दिनांक: 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। उपरोक्त अधिक व अनियमित भुगतान की गणना दिनाँक 31.03.2025 तक के लिये की गई है। इसके बाद के अनियमित भुगतान की गणना नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर करके कुल राशि की वसूली यथाशीघ्र सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(14.5) श्री तिलक राज, सफाई कर्मी के वेतन निर्धारण तथा सेवापंजिका में पाई गई अनियमितताओं के बारे में।**

नगर निगम में कार्यरत श्री तिलक राज, सफाई कर्मी की सेवा पँजिका की अंकेक्षण जाँच में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गई हैं।

1. सेवा पंजिका के खण्ड 1 के पृष्ठ 4–5 पर दर्ज विवरण के अनुसार श्री तिलक राज ने नियुक्ति उपरान्त 22.08.1986 को कार्यग्रहण किया था।
2. परन्तु सेवा पंजिका के अवलोकन पर पाया गया कि पृष्ठ 10–11 पर दिनांक 01.01.1986 से लागू वेतन संशोधन का लाभ जारी करते समय उनका वेतन निर्धारण 01.09.1986 से किया गया था।
3. तत्पश्चात उनकी वार्षिक वेतनवृद्धि की दिनांक स्थाई रूप से 1 सितम्बर कर दी गई है। परन्तु इस परिवर्तन से सम्बन्धित कोई टिप्पणी सेवा पंजिका में दर्ज नहीं है।
4. श्री तिलक राज को 22.08.1994 को 8 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण करने पर प्रथम प्रवीणता वेतनवृद्धि (First Proficiency Step Up) का लाभ जारी किया जाना था जोकि नहीं दिया गया है।
5. इसी प्रकार दिनांक 22.08.2002 को 16 वर्ष के कार्यकाल पश्चात ACPS लाभ दिया जाना था जोकि नहीं दिया गया है।
6. दिनांक 27.08.2009 से उनके वेतन का पुनर्निधारण नई ACPS (4-9-14) के प्रावधानों के अनुसार इन तीनों लाभों के साथ किया जाना अपेक्षित था परन्तु यह नहीं किया गया है।
7. दिनांक 01.09.2019 से उनकी ग्रेड पे को बिना किसी टिप्पणी अथवा आदेश के ₹1650 से बढ़ाकर ₹1900/– कर दिया गया था।

8. उपरोक्त टिप्पणियों से स्पष्ट है कि श्री तिलक राज का वेतन निर्धारण नियुक्ति की दिनांक से ही अनियमित किया गया है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–96 दिनांक: 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। अतः इस सन्दर्भ में यथाशीघ्र अनुपालना सुनिश्चित करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(14.6) अवकाश खातों में गलत गणना करके कर्मचारियों को दिये गये अनुचित लाभ बारे।**

नगर निगम में कार्यरत निम्न तालिका में वर्णित कर्मचारियों की सेवा पँजिकाओं में अवकाश खातों की अंकेक्षण जाँच में पाया गया है कि गलत गणना करके अवकाश का अन्तशेष बढ़ाकर इन्हें अनुचित लाभ दिया गया था।

| क्रम संख्या | कर्मचारी कर नाम व पदनाम | अन्तिम प्रविष्टि की अवधि/ दिनाँक | दर्शाया गया शेष (दिन) | वास्तविक शेष (दिन) | अधिक अवकाश का अनुचित लाभ (दिन) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री जगन नाथ, चालक | 01.01.2025 से 30.06.2025 | 270 | 238 | 32 |
| 2 | श्री शमशेर सिंह, बेलदार | 01.01.2025 से 30.06.2025 | 232 | 165 | 67 |
| 3 | श्री बलवन्त कुमार, बेलदार | 01.01.2025 से 30.06.2025 | 311 | 279 | 32 |

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–91 दिनांक: 22/04/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा की गई अनुपालना से अवगत करवाने पर वर्तमान अंकेक्षण में इसका सत्यापन कर लिया गया। इसके अतिरिक्त भविष्य में इस प्रकार की चूक का न दोहराया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

**(14.7) नगर निगम कर्मचारियों के वेतन से अवधि 04/2023 से 03/2025 के बीच प्रावधानानुसार वैधानिक कटौतियाँ न करना**

नगर निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 के अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत वेतन भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच में पाया गया कि कर्मचारियों के वेतन से सरकार द्वारा प्रावधित निम्नलिखित वैधानिक कटौतियाँ नहीं की गई थीः–

1. सामूहिक बीमा योजना अंशदान (Group Insurance Scheme Premium) की कटौती कुल 33 स्थाई कर्मचारियों में से केवल पाँच सफाई कर्मचारियों के वेतन से ही की जा रही है। शेष 28 में से किसी भी स्थाई कर्मचारी के वेतन से यह कटौती नहीं की गई है।
2. हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2016 के नवम्बर माह से सभी स्थाई, अस्थाई, अनुबन्धित, दिहाड़ीदार, अंशकालिक आदि सभी प्रकार के कर्मचारियों के लिये अनिवार्य रूप से सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना आरम्भ की थी। वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या फिन–आई एफ–(एफ)/9–5/2012 दिनाँक 10.11.2023 के अनुसार उक्त सभी कर्मचारियों के माह 11/2023 के वेतन से ₹200/– प्रीमियम प्रतिवर्ष काटा जाना था। परन्तु अवधि 04/2023 से 03/2025 के अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत अभिलेख की जाँच में पाया गया कि कर्मचारियों के वेतन से सरकार द्वारा प्रावधित यह वैधानिक कटौती नहीं की गई है।
3. नगर निगम द्वारा अपने स्थाई कर्मचारियों को वेतन संशोधन नियम 2022 का लाभ माह जनवरी 2016 से जारी करके जनवरी 2022 से इसका नकद भुगतान किया जा रहा है। परन्तु पैन्शन निधि में 12% तथा ग्रैच्यूटी निधि में 5% की दर से अन्तरित किया जाने वाला नियोक्ता अंशदान माह 11/2023 तक वेतन संशोधन नियम–2009 के वैतनमान/पै–बैण्ड के अधिकतम स्तर के आधार पर ही किया गया था जोकि तर्कसंगत नहीं है।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•–शिमला/अंके. अधि. /2025/–107 दिनांकः 09/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा द्वारा पत्र संख्याः 884/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 03.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(14.8) नगर परिषद/निगम कर्मचारियों को मकान किराया भत्ते की देयता बारे।**

हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या FIN(C)B(7)1/2012 दिनाँक 28.02.2012 के अनुसार नगर परिषद/निगम में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी जो मकान किराया भत्ता प्राप्त कर रहे हैं, उनसे प्रतिवर्ष विहित प्रपत्र पर प्रमाण पत्र प्राप्त करना तथा जिनके पति अथवा पत्नी सरकारी/ अर्धसरकारी/ बोर्ड/ कॉरपोरेशन/स्वायत संस्थानों आदि में सेवारत हैं उनसे मकान किराया भत्ता से सम्बन्धित "संयुक्त घोषणा पत्र" जोकि उस पति/पत्नी के आहरण एवं वितरण अधिकारी से प्रतिहस्ताक्षरित हो, को प्राप्त करना आवश्यक है। परन्तु वर्तमान अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत अभिलेख में इस प्रकार कोई प्रमाण पत्र अथवा घोषणा पत्र उपलब्ध नही पाया गया था। इस सन्दर्भ में गत अंकेक्षण

प्रतिवेदन के अनुच्छेद 17(ख) में आपत्ति उठाये जाने पर भी अभी तक अनुपालना नहीं की गई थी। इस विसंगति के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–116 दिनांकः 19/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(14.9) नगर परिषद/निगम कर्मचारियों को अलग–अलग दर से चिकित्सा भत्ते का भुगतान करना**

अंकेक्षण में पाया गया कि अवधि 04/2023 से 03/2025 में नगर परिषद/निगम के सभी कर्मचारियों को ₹350/– की मासिक दर से चिकित्सा भत्ते का भुगतान किया गया था परन्तु श्री सुशील कुमार, चालक को यह भुगतान ₹400/– की मासिक दर से किया गया था। इस विसंगति के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–114 दिनांकः 17/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 884/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 03.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(14.10) नगर परिषद/निगम कर्मचारियों को उनकी सेवापंजी में दर्ज मूल वेतन से कम अथवा अधिक मूल वेतन के आधार पर वेतन भुगतान करना**

व्यय अंकेक्षण हेतु चयनित माह 02/2024 में भुगतान किये गये 01/2024 के वेतन बिलों के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न तालिका में वर्णित कर्मचारियों को उनकी सेवापंजी में दर्ज मूल वेतन से कम अथवा अधिक मूल वेतन के आधार पर वेतन भुगतान किया गया था। इस विसंगति के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–114 दिनांकः 17/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा द्वारा पत्र संख्याः 884/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 03.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

| क्रम | कर्मचारी का नाम व पदनाम | वास्तव में भुगतान किया गया मूल वेतन (₹) | सेवा पंजिका में दर्ज मूल वेतन (₹) | अन्तर (₹) | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगन नाथ, चालक | 28840 | 28800 | 40 | अधिक भुगतान |
| 2 | विजय कुमार, चालक | 28840 | 28800 | 40 | अधिक भुगतान |
| 3 | बाबू राम, बेलदार | 38625 | 38600 | 25 | अधिक भुगतान |
| 4 | सुरेश कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 5 | संजीव कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 6 | नेक मोहम्मद, मिस्त्री | 35440 | 37400 | 1960 | कम भुगतान |
| 7 | सुनील कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 8 | संजीव कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 9 | रणजीत सिंह, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 10 | दीप कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 11 | विजय कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 12 | सतपाल, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 13 | नरेश कुमार, बेलदार | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 14 | बुधु राम, सफाई कर्मी | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 15 | राजकुमार, सफाई कर्मी | 29570 | 29600 | 30 | कम भुगतान |
| 16 | शमा देवी, सफाई कर्मी | 27170 | 27200 | 30 | कम भुगतान |
| 17 | राकेश कुमार, सफाई कर्मी | 27170 | 27200 | 30 | कम भुगतान |
| 18 | कुंता देवी, सेवादार | 27170 | 27200 | 30 | कम भुगतान |
| 19 | शमशेर सिंह, बेलदार | 22150 | 22100 | 50 | अधिक भुगतान |
| 20 | निर्मला देवी, बेलदार | 22150 | 22100 | 50 | अधिक भुगतान |
| 21 | राजेश कुमार, सफाई कर्मी | 22150 | 22100 | 50 | अधिक भुगतान |
| 22 | तिलक राज, सफाई कर्मी | 47490 | 48900 | 1410 | कम भुगतान |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | पवन कुमार, सफाई कर्मी | 39760 | 39800 | 40 | कम भुगतान |
| 24 | बलदेव सिंह, सफाई कर्मी | 39760 | 39800 | 40 | कम भुगतान |
| 25 | रवि कुमार, सफाई कर्मी | 39760 | 39800 | 40 | कम भुगतान |

**(14.11) नगर निगम के पेंशन भुगतान बिलों में पाई गई अनियमितताओं बारे।**

नगर निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 के पेंशन भुगतान बिलों के अंकेक्षण में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गई थीं।

1. **कम पेंशन भुगतान करनाः–** अंकेक्षण हेतु उपलब्ध करवाये गये पेंशन भुगतान बिलों की जाँच में पाया गया कि अतिरिक्त पेंशन तथा पेंशन भत्ता लाभ की गलत गणना अथवा गणना नही करने के कारण **परिशिष्ट "78"** पर संलग्न विवरणानुसार माह 02/2025 देय 03/2025 में ₹8996/– का कम भुगतान किया गया था। यह कम भुगतान समस्त अंकेक्षणावधि के प्रत्येक माह में अलग–अलग दर से किया गया था।
2. **पारिवारिक पेंशन के साथ महँगाई राहत का भुगतान न करनाः–** श्रीमति बिमला देवी को उनके स्वर्गीय पति चेत राम, सेवानिवृत सफाई कर्मी तथा श्रीमति बिमलेश कुमारी को उनके स्वर्गीय पति लक्ष्मी दास, सेवानिवृत सफाई कर्मी की मृत्यु पश्चात ₹3500/– की मासिक दर से पारिवारिक पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। परन्तु इसके साथ नियमानुसार देय महँगाई राहत का भुगतान नहीं किया गया था।
3. **अतिरिक्त पेंशन तथा पेंशन भत्ते का लाभ जारी नहीं किया जानाः–** हिमाचल प्रदेश सरकार, वित्त विभाग के ज्ञापन संख्याः No. Fin(Pen)A(3)-1/09-Part-I dated 14.10.2009 के नियम 5.7 के प्रावधानानुसार सभी पेंशन व पारिवारिक पेंशन भोगियों को 80, 85, 90, 95 तथा 100 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर क्रमशः 20%, 30%, 40%, 50% तथा 100% की दर से अतिरिक्त पेंशन का लाभ दिया जाना अपेक्षित है। इसी प्रकार ज्ञापन संख्याः No. Fin(Pen)A(3)-1/09- dated 23.04.2014 के अनुच्छेद 1 के प्रावधानानुसार सभी पेंशन व पारिवारिक पेंशन भोगियों को 65, 70 तथा 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर क्रमशः 5%, 10% तथा 15% की दर से पेंशन भत्ते का लाभ दिया जाना अपेक्षित है। परन्तु अंकेक्षण हेतु उपलब्ध करवाये गये विवरणानुसार दिनाँक 31. 03.2025 को कुल 29 पेंशन व पारिवारिक पेंशन भोगियों में से 1 दावेदार 81 वर्ष से अधिक आयु

पूर्ण कर चुके थे। इसी प्रकार 15 दावेदार 65 से लेकर 80 वर्ष तक की आयु सीमा में आते हैं जबकि एक पारिवारिक पेंशन भोगी की जन्म तिथि उपलब्ध न होने के कारण आयु की जानकारी नहीं थी। परन्तु नगर निगम द्वारा किसी भी पात्र पेंशन व पारिवारिक पेंशन भोगी को उपरोक्त वर्णित लाभ पात्रता अनुसार जारी नहीं किये गये थे।

4. **पेंशन तथा पारिवारिक पेंशन भोगियों के वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र वाँछितः–** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रतिवर्ष जुलाई माह में पेंशन तथा पारिवारिक पेंशन भोगियों से जीवन प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाता है जिसके अभाव में अगस्त माह से आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा अपने स्तर पर ही पेंशन भुगतान रोक दिया जाना अपेक्षित है। परन्तु नगर निगम द्वारा वर्ष 2023–24 व 2024–25 में पेंशन भुगतान के अभिलेख के अवलोकन पर उक्त जीवन प्रमाण पत्र अनुपलब्ध पाये गये थे।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•–शिमला/अंके. अधि. /2025/–97 दिनांकः 13/05/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्याः 1038/Audit Memo2023-25/MCH/2025 दिनाँक 11.07.2025 द्वारा सूचित किया कि माह 06/2025 से क्रमाँक 1 व 2 पर दर्ज त्रुटि का सुधार कर लिया गया है परन्तु इससे पूर्व की अवधि के लिये अभी तक अनुपालना शेष है। इसके अतिरिक्त क्रमाँक 3 व 4 के बारे में शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया गया है। अतः इस सन्दर्भ में यथाशीघ्र अनुपालना सुनिश्चित करके अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**15. व्यय सम्बन्धी अनियमितताएँ:–**

**(15.1) नगर निगम द्वारा किये गये कचरा प्रबन्धन एवँ निस्तारण पर किये गये ₹564.07 लाख के व्यय में पाई गई अनियमितताओं के बारे में।**

आयुक्त नगर निगम के कार्यालय पत्र संख्याः एम सी एच/–477 दिनाँक 03.06.2025 **(परिशिष्ट–79 से 81)** द्वारा प्रस्तुत सूचना तथा कचरा प्रबन्धन एवँ निस्तारण से सम्बन्धित अभिलेख के अंकेक्षण में निम्नलिखित अनियमितताएँ पाई गई हैं।

1. **वर्ष 2024–25 में मै. सनटैन लाईफ को ₹12.59 लाख का अधिक व अनियमित भुगतान करनाः–** प्रस्तुत सूचना के आधार पर **परिशिष्ट–79** पर संकलित विवरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि वर्ष 2024–25 में कुल 3994.742 मीट्रिक टन कचरे का उत्सर्जन हुआ जिसमें से 3247. 446 का निस्तारण मै. सनटैन लाईफ कम्पनी द्वारा किया गया था। कम्पनी के साथ किये गये कचरा निस्तारण अनुबन्ध के अनुसार कम्पनी को निस्तारित **(Processed)** कचरे के लिये

₹1662/– प्रति मीट्रिक टन की दर से **₹53,97,255/–** भुगतान किया जाना अपेक्षित था परन्तु इसके स्थान कुल उत्सर्जित (Generated) कचरे की मात्रा के लिये ₹66,56,518/– का भुगतान किया गया था। इस प्रकार कम्पनी को ₹12,59,263/– का अधिक व अनियमित/संदिग्ध भुगतान करके अनुचित लाभ पहुँचाया गया है।

2. **कचरा प्रबन्धन एवँ निस्तारण के कार्य को संदिग्ध रूप से तीन अलग भागों में बांटकर वर्ष 2023–24 की तुलना में 2024–25 में कचरा प्रबन्धन एवँ निस्तारण व्यय में ₹127.85 लाख की आधारहीन वृद्धि करना:–** नगर निगम द्वारा वर्ष 2023–24 में कचरा प्रबन्धन एवँ निस्तारण पर ₹2,18,11,148/– का व्यय किया गया था जबकि 2024–25 में यही व्यय 59% बढ़कर ₹3,45,95,891/– हो गया था। यह वृद्धि किस कारण से हुई है इसका प्रत्यक्ष औचित्य स्पष्ट करने वाला कोई अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया था। परन्तु प्रस्तुत सूचना के आधार पर **परिशिष्ट–80** पर संकलित विवरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि वर्ष 2023–24 में जहाँ कचरा संग्रहण, ढुलान तथा निस्तारण तीनो कार्य ₹18,03,371/– प्रतिमास की निर्धारित दर से कुल ₹218.11 लाख मे किये गये थे वहीं वर्ष 2024–25 में इन तीनों कार्यों को तीन अलग–अलग संस्थाओं में बांटकर कुल व्यय में अनावश्यक एवँ संदिग्ध रूप से ₹1,27,84,743/– की वृद्धि करते हुये कुल ₹345.96 लाख मे निष्पादित करवाया गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि कार्य का यह संदिग्ध बंटवारा जानबूझ कर व्यय में अनावश्यक वृद्धि करके किसी व्यक्ति/संस्था विशेष को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से ही किया गया था।

3. **वर्ष 2023–24 की तुलना में 2024–25 में कचरा उत्सर्जन की मात्रा में अप्रत्याशित रूप से लगभग दोगुनी वृद्धि:–**

प्रस्तुत सूचना के आधार पर **परिशिष्ट–81** पर संकलित विवरण के अवलोकन से स्पष्ट है कि वर्ष 2023–24 में जहाँ 6.4 मीट्रिक टन प्रतिदिन की स्थाई दर से 2336 मीट्रिक टन कचरा उत्सर्जन हुआ था वहीं 2024–25 मे यह मात्रा बढ़कर 11.821 मीट्रिक टन प्रतिदिन की औसत दर से 4314.742 मीट्रिक टन पर पहुँच गई। कचरा उत्सर्जन की दैनिक मात्रा में यह लगभग दोगुनी अप्रत्याशित वृद्धि अत्याधिक संदिग्ध तथा अविश्वसनीय प्रतीत होती है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023–24 में सारा साल 6.4 मीट्रिक टन प्रतिदिन कचरा उत्सर्जन की स्थाई दर भी अत्याधिक संदेहास्पद प्रतीत होती है।

**4. वर्ष 2024–25 में उत्सर्जित कचरे के वजन का सत्यापन नगर निगम द्वारा न किया जाना:–**

दिनाँक 20.05.2024 से मै. सनटैन लाईफ कम्पनी द्वारा कचरा निस्तारण का कार्य आरम्भ किये जाने से उनके द्वारा ही उत्सर्जित कचरे का वजन किया गया है जिसकी वजन पर्चियाँ अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत की गईं। परन्तु प्रतीत होता है कि यह कार्य कम्पनी के भरोसे पर ही पूरी तरह छोड़ दिया गया है क्योंकि यह वजन नगर निगम के किसी कर्मचारी/अधिकारी की उपस्थिति में हुआ हो ऐसा कोई अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नही किया गया था और इस सत्यापन के अभाव में यह मात्रा संदिग्ध प्रतीत होती है क्योकि जैसा कि ऊपर चर्चा की जा चुकी है कि वर्ष 2023–24 की तुलना में 2024–25 में कचरा उत्सर्जन की दैनिक मात्रा में अप्रत्याशित रूप से लगभग दोगुनी वृद्धि दर्ज की गई है और मै॰ सनटैन लाईफ कम्पनी को भुगतान उत्सर्जित एवँ निस्तारित कचरा मात्रा के आधार पर किया जाना निर्धारित है।

5. **वर्ष 2023–24 में उत्सर्जित कचरे के वजन के सत्यापन हेतु कोई अभिलेख उपलब्ध न होना:–** अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया है कि वर्ष 2023–24 में उत्सर्जित कचरे की मात्रा का वास्तविक वजन करने के स्थान पर प्रतीत होता है कि मात्र खानापूर्ती के उद्देश्य से 6.4 मीट्रिक टन प्रतिदिन की स्थाई दर से इसकी अनुमानित मात्रा ही अभिलेख में दर्ज की गई है क्योंकि इसके वजन के सत्यापन हेतु किसी प्रकार का अभिलेख अथवा वजन पर्चियाँ आदि अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किये गये थे।

6. **कचरा ढुलान हेतु प्रस्तुत संविदा के साथ व्यावसायिक यात्री वाहनों Motor Cab (Light Passanger Vehicle) के पंजीकरण, बीमा तथा प्रदूषण नियन्त्रण प्रमाण–पत्र संलग्न करते हुये अवैध तरीके से कार्य पाना तथा वास्तव में ढुलान हेतु अन्य वाहनों का प्रयोग किया जाना:–** वर्ष 2024–25 में कचरा ढुलान के लिये ₹45000/– प्रत्येक की मासिक दर से 14 वाहन उपलब्ध करवाये जाने का अनुबन्ध श्री किशोरी लाल शर्मा के साथ किया गया था। अभिलेख की जाँच में पाया गया कि यह ढुलान जिन 14 वाहनों में किया जाना प्रस्तावित था उनका पंजीकरण, बीमा तथा प्रदूषण नियन्त्रण प्रमाणपत्र संविदा पत्र (Tender Documents) के साथ संलग्न किये गये थे। परन्तु जब इन वाहनों की पंजीकरण संख्या की भारत सरकार के परिवहन विभाग की वैबसाईट से जाँच की गई तो आश्चर्यजनक रूप से यह सभी वाहन मोटर कैब (एल. पी.वी.) [Motor Cab (LPV)] के रूप में पंजीकृत पाये गये हैं और यह तो सामान्य ज्ञान की बात है कि एल.पी.वी. का अर्थ लाईट पैसेंजर व्हीकल होता है। इससे स्पष्ट है कि इस संविदाकार

विशेष को अनुचित लाभ देने तथा अन्य संविदाकारों की तुलना में इसे अवैधानिक तरीके से वरीयता देने के उद्देश्य से ही उसके व्यावसायिक यात्री वाहनों के पंजीकरण, बीमा तथा प्रदूषण नियन्त्रण प्रमाणपत्र संविदा के साथ स्वीकार किये गये हैं।

चूंकि यात्री वाहनों में कचरे का ढुलान सम्भव नहीं था इसीलिये जब ढुलान करने वाले वास्तविक वाहनों की जाँच कचरे की वजन पर्चियों से की गई तो पाया गया कि वास्तव में प्रस्तावित वाहनों के स्थान पर संदिग्ध रूप से निम्न तालिका में दिये विवरणानुसार अन्य वाहनों का प्रयोग किया गया था। परन्तु इन वजन पर्चियों पर दर्ज वाहन संख्या भी जानबूझकर अधूरी दर्ज की गई है जो अपने आप में एक गम्भीर अनियमितता है।

उपरोक्त वर्णित सभी तथ्य इस सारी प्रक्रिया में किसी गम्भीर संदिग्धता की ओर इंगित करते हैं तथा अंकेक्षण का सुझाव है इसकी गहन विभागीय जाँच करवाई जाए व वस्तुस्थिति व वास्तविक स्थिति सामने लायी जाये और अनियमितता की स्थिति में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाये।

| क्रम | संविदा के साथ दिये वाहनों का विवरण | कचरे की वजन पर्ची के अनुसार वास्तव में प्रयोग किये गये वाहनों का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | HP01U0621 | HP 4214 D |
| 2 | HP01U0618 | HP 4630 E |
| 3 | HP01U0615 | HP 4629 E |
| 4 | HP01U0612 | HP 4217 D |
| 5 | HP01U0609 | HP 4221 D |
| 6 | HP01U0607 | HP 4213 D |
| 7 | HP01U0602 | HP 4216 D |
| 8 | HP01U0596 | HP 4215 D |
| 9 | HP01U0593 | HP 4218 D |
| 10 | HP01U0605 | HP 4210 D |
| 11 | HP01U0734 | HP 4224 D |
| 12 | HP01U0745 | HP 4212 D |
| 13 | HP01U0746 | HP 4627 E |
| 14 | HP01U0736 | HP 4631 E |

7. **कचरा निस्तारण उपरान्त उत्पादित खाद का अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत न किया जाना:–** वैज्ञानिक विधि से कचरा निस्तारण उपरान्त बायोडीग्रेडेबल कचरे से खाद का उत्पादन किया जाना अपेक्षित है परन्तु इन दो वर्षों में इस खाद के उत्पादन तथा बिक्री से सम्बन्धित कोई अभिलेख अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया था।
8. **एकल उपयोग प्लास्टिक खरीद योजना के अन्तर्गत कोई खरीद न करना:–** अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत सूचना के अवलोकन पर पाया गया है कि वर्ष 2023–24 तथा 2024–25 में एकल उपयोग प्लास्टिक खरीद योजना के अन्तर्गत कोई खरीद नहीं की गई थी जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है।

उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–112 दिनांक: 13/06/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नही हुआ था। अतः इन अनियमितताओं के बारे में विस्तृत विभागीय जाँच करके अपेक्षित अनुपालना सुनिश्चित करते हुये अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

**(15.2) दैनिक भत्ते की गलत गणना के कारण यात्रा भत्ता दावे में ₹1092/– का अधिक व अनियमित भुगतान।**

स्वच्छ भारत मिशन निधि – एकल नोडल खाता से किये गये व्यय के अंकेक्षण में पाया गया कि श्री अंकित शर्मा, समन्वयक (स्वच्छ भारत मिशन) को वर्ष 2023 के माह अप्रैल से जून के यात्रा भत्ता दावों का भुगतान करते समय निम्न तालिका में दिये विवरणानुसार **₹1092/–** का अधिक व अनियमित भुगतान किया गया था। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–101 दिनांक: 24/05/2025 द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा द्वारा पत्र संख्या: MCH/478 दिनाँक 03.06.2025 द्वारा सूचित किया कि इस राशि की वसूली रसीद संख्या 698/49 दिनांक 31.05.2025 द्वारा कर ली गई है जिसका सत्यापन अंकेक्षण द्वारा कर लिया गया। अतः भविष्य में इस प्रकार की चूक का न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

| क्रम | दिनाँक/अवधि | दावा की गई दैनिक भत्ता राशि (₹) | वास्तविक दैनिक भत्ता राशि (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11.04.23 व 12.04.23 | 478.00 | 400.00 | 78.00 |
| 2 | 17.04.23 व 18.04.23 | 644.00 | 566.00 | 78.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 20.04.2023 | 190.00 | 151.00 | 39.00 |
| 4 | 09.02.23 व 10.02.23 | 644.00 | 566.00 | 78.00 |
| 5 | 31.01.23 व 02.02.23 | 434.00 | 356.00 | 78.00 |
| 6 | 09.01.23 व 06.02.23 | 468.00 | 390.00 | 78.00 |
| 7 | 09.05.23 व 11.05.23 | 540.00 | 462.00 | 78.00 |
| 8 | 02.05.23 व 08.05.23 | 696.00 | 618.00 | 78.00 |
| 9 | 12.05.2023 | 190.00 | 151.00 | 39.00 |
| 10 | 03.03.23 व 04.03.23 | 486.00 | 408.00 | 78.00 |
| 11 | 07.03.23 व 09.03.23 | 584.00 | 506.00 | 78.00 |
| 12 | 02.03.2023 | 244.00 | 205.00 | 39.00 |
| 13 | 10.05.23 व 24.05.23 | 472.00 | 394.00 | 78.00 |
| 14 | 16.06.2023 | 234.00 | 195.00 | 39.00 |
| 15 | 21.06.23 व 22.06.23 | 434.00 | 356.00 | 78.00 |
| 16 | 05.06.23 व 06.06.23 | 644.00 | 566.00 | 78.00 |
| | कुल योग | **7,382.00** | **6,290.00** | **1,092.00** |

**(15.3) कचरा ढुलाई के लिये ₹19250/– के अनियमित व संदिग्ध भुगतान करने बारे।**

माह 02/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि श्री गौरव कुमार सफाई ठेकेदार को वाउचर संख्या 1868 दिनांक 12.02.2024 द्वारा ₹19,250/– का एक विशेष भुगतान किया गया था जोकि कृष्णा अस्पताल से सॉलिड वेस्ट मैनेजमैन्ट प्लान्ट दंगनेड़ी तक 01.12.2023 तथा माह 01/2024 में गाड़ी द्वारा कचरा ढुलाई करते हुये 22 चक्करों के लिये ₹875/– प्रत्येक की दर से किया गया था। परन्तु प्रस्तुत अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि उक्त ठेकेदार को नगर परिषद के पत्र संख्या: MCH/Sanitation Tender/2023 dated 16.05.2023 द्वारा वार्ड 6 व 9 से कचरा संग्रहण, ढुलाई तथा निस्तारण हेतु ₹2,70,349/– की मासिक दर पर अनुबन्धित किया गया था। इस अनुबन्ध, जिसमें पहले ही कचरा ढुलाई का प्रावधान है, के दृष्टिगत उक्त ₹19,250/– का भुगतान न केवल अनियमित परन्तु संदिग्ध भी प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–114 दिनांक: 17/06/2025 द्वारा

मूल अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस प्रकरण की नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर आवश्यक जाँच करके अनियमितता की स्थिति में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई तथा यथाशीघ्र इस राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

**(15.4) सफाई कार्य के लिये पाँच अलग–अलग बिलों द्वारा ₹1.69 लाख के अनियमित व संदिग्ध भुगतान करने बारे।**

नगर परिषद/निगम हमीरपुर द्वारा वर्ष 2023–24 में अपने 11 वार्डों में सफाई व्यवस्था हेतु 10 अलग–अलग ठेकेदारों को कुल ₹18,03,371/– की मासिक राशि के लिये अनुबन्धित किया गया था। अनुबन्ध पत्रों की शर्त संख्या 16 के अनुसार "शहर में स्थित सभी गलियों, नालियों, नालों आदि की सफाई ठेकेदार द्वारा सुनिश्चित की जायेगी इसके अतिरिक्त झाड़ियों व पौधों की काटछाँट भी ठेकेदार को करनी होगी"। माह 02/2024 के व्यय वाउचरों के अंकेक्षण में पाया गया कि निम्न तालिका में वर्णित चार अलग–अलग बिलों द्वारा श्री विनोद कुमार को इन्हीं कामों के लिये ₹1,69,000/– का विशेष भुगतान किया गया था। जब 10 ठेकेदार इस काम हेतु विशेष रूप से अनुबन्धित हैं तो श्री विनोद कुमार अलग से यह विशेष भुगतान अत्यधिक संदिग्ध प्रतीत होता है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–114 दिनांक: 17/06/2025 द्वारा मूल अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसका उत्तर अंकेक्षण समाप्ति तक प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस प्रकरण की नगर निगम द्वारा अपने स्तर पर आवश्यक जाँच करके अनियमितता की स्थिति में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई तथा यथाशीघ्र इस राशि की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाये।

| Sr | Name of work | Award Letter No.& Date | W.No. | Awarded Amount(₹) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Removal of unwanted waste material after levelling of earth and trimming of plants, cutting of bushes by engaging labour and vehicle in adm. Residence of SDM and ADC. | MCH/NIQ/CIVIL Work/2023-2024-92 dated 10.01.2024 | 07 | 40900 |
| 2 | Cutting and trenching of bushes, tree branches and trimming of plants,revoving of unwanted earth and laying of clean earth to raise the bed of plants etc., | MCH/NIQ/CIVIL Work/2023-2024-91 dated 10.01.2024 | 07 | 32000 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | levelling of bed and removing through vehicle the all waste/residual material and dispose the same at dumping/appro site in park & parking | | | |
| 3 | Cutting and trenching of bushes, tree branches and trimming of plants, removing of unwanted earth and laying of clean earth to raise the bed of plants etc., levelling of bed and removing through vehicle the all waste/residual material and dispose the same at dumping/appro site in (near Pucca Bhro) | MCH/NIQ/CIVIL Work/2023-2024-106 dated 17.1.24 | 01 | 25600 |
| 4 | Cutting and trenching of bushes, tree branches and trimming of plants, removing of unwanted earth and laying of clean earth to raise the bed of plants etc., levelling of bed and removing through vehicle the all waste/residual material and dispose the same at dumping/appro site in park and parking | MCH/NIQ/CIVIL Work/2023-2024-90 dated 10.01.2024 | 02 | 70500 |
| | | **Total** | | **169000** |

**(15.5) नगर परिषद/निगम के बिजली बिलों में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद द्वारा माँग की गई "गत बकाया राशि" (Normal Arrears) के लिये ₹0.56 लाख का भुगतान करना**

अंकेक्षण में पाया गया कि चयनित माह 02/2024 तथा 10/2024 में नगर परिषद/निगम द्वारा बिजली खपत के लिये हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद को कुल ₹5,60,916/– का भुगतान किया गया था जिसमें ₹5,05,025/– वर्तमान खपत (Current Charges) तथा ₹55,891/– गत बकाया (Normal Arrears) के लिये किया गया। प्रस्तुत अभिलेख के अवलोकन पर पाया गया कि नगर परिषद/निगम द्वारा बिजली बिलों का भुगतान निरन्तर यथासमय किया जा रहा था इसके पश्चात भी विद्युत परिषद द्वारा गत बकाया राशि की माँग की गई, जिसकी किसी भी प्रकार की जाँच अथवा वस्तुस्थिति स्पष्ट करवाये बिना ही भुगतान कर दिया गया है। नमूना अँकेक्षण जाँच हेतु चयनित माह 02/2024 तथा 10/2024 में पाये गये ऐसे भुगतानों में गत बकाया राशि के लिये किये गये ₹55,891/– के भुगतान का विवरण **परिशिष्ट "82"** पर संलग्न तालिका में दिया गया है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–114 दिनांक: 17/06/2025 द्वारा मूल अभिलेख सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट करने को कहा गया जिसके

प्रत्युत्तर में आयुक्त द्वारा पत्र संख्या: 884/Audit Memo 2023-25/MCH/2025 दिनाँक 03.07.2025 द्वारा शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**16. निर्माण कार्यों में व्यय सम्बन्धी अनियमितताएँ:**

**(16.1) नगर परिषद/निगम द्वारा बिना बजट प्रावधान तथा समुचित निधि के ₹1151.01 लाख के निर्माण कार्यों के टेन्डर जारी करके आबंटित करना।**

नगर परिषद/निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 तक के लेखों के अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत निर्माण कार्यों के अभिलेख **(परिशिष्ट "83")** की जाँच में पाया गया कि नगर परिषद/निगम द्वारा इस अवधि में बिना बजट प्रावधान तथा समुचित निधि के 197 निर्माण कार्यों के टैन्डर जारी करके आबंटित किया गया था जिनमें से निष्पादित किये गये अथवा निष्पादन हेतु शेष कार्यों के लिये 31.03.2025 तक ₹11,51,01,900/– का दायित्व शेष था। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है:–

| **क्रम** | **विवरण** | **निर्माण कार्यों की संख्या** | **कुल आबंटन राशि (₹)** |
|---|---|---|---|
| 1 | ऐसे कार्य जिनका निष्पादन पूर्ण होने पर मापन पुस्तिका में तो दर्ज कर लिया गया है परन्तु अभी तक भुगतान नहीं हुआ था। | 8 | 2629216 |
| 2 | ऐसे कार्य जिनका निष्पादन पूर्ण हो चुका परन्तु अभी तक न तो मापन पुस्तिका में दर्ज किये गये हैं और न ही भुगतान हुआ था। | 90 | 52517023 |
| 3 | ऐसे कार्य जिनका निष्पादन अभी तक आरम्भ नहीं किया गया था। | 99 | 59955661 |
| | **कुल योग** | **197** | **115101900** |

जबकि अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत नगर निगम की वित्तीय स्थिति के अनुसार दिनांक 31.03.2025 को निगम के पास मात्र ₹9,38,98,141/– की कुल राशि शेष थी जिसमें से अनुदानों की ₹71,54,137/– तथा निगम निधि में ₹8,67,44,004/– राशि शेष है और स्पष्ट रूप से वेतन, पेंशन,

बिजली पानी के बिल, स्वच्छता सम्बन्धी व्यय जैसे अन्य वैधानिक पुनरावृति वित्तीय दायित्वों के दृष्टिगत नगर परिषद/निगम इस सारी की सारी राशि को इन निर्माण कार्यों पर तो व्यय नहीं किया जा सकता है। बिना किसी बजट प्रावधान तथा समुचित निधि के इन निर्माण कार्यों का आबंटन निश्चित रूप से संदिग्ध है। इनमें से अधिकतर कार्य संदिग्ध रूप से 08/2024 से 01/2025 के बीच की अवधि में आबंटित किये गये हैं जब यह लगभग सुनिश्चित हो चुका था कि नगर परिषद को शीघ्र ही निकट भविष्य में स्तरोन्नत करके नगर निगम बना दिया जायेगा।

इसके अतिरिक्त यह भी पाया गया है कि उच्चाधिकारियों की व्यय स्वीकृति से बचने के लिये बहुत से मामलों में एक ही कार्य को कई भागों में बांटा गया था। उदाहरण के लिये P/L Badminton Pitch flooring in town hall, Hamirpur के कार्य को दो भागों में बांटकर क्रमशः ₹4,92,000/– तथा ₹4,90,000/– के लिये 05.08.2024 तथा 06.08.2025 को आबंटित किया गया था। यह स्पष्ट रूप निदेशक शहरी विकास विभाग की व्यय स्वीकृति से बचने के लिये किया गया था क्योंकि तत्कालीन कार्यकारी अधिकारी निर्माण कार्यों के लिये मात्र 5 लाख तक का व्यय स्वीकृति करने के लिये प्राधिकृत थे।

इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्या सहा॰ नियन्त्रक/रा॰लै॰प॰–शिमला/अंके. अधि. /2025/–123 दिनांकः 11/07/202 द्वारा आयुक्त को अवगत करवाया गया था परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस बारे में नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(16.2) विविध गणितीय चूकों तथा नियमों की अवहेलना के कारण विभिन्न निर्माण कार्य बिलों में ₹0.47 लाख का अधिक व अनियमित भुगतान।**

निर्माण कार्य बिलों की अंकेक्षण जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित वर्णित विविध गणितीय चूकों तथा नियमों की अवहेलना के कारण ₹46565/– (27903+5273+4177+4942+4270) का अधिक व अनियमित भुगतान करके संविदाकारों को अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।

**1. ₹27903/– का अधिक भुगतान।**

**कार्य का विवरणः**

| | |
|---|---|
| Work | Channelization of drain/nallah,Sub Head:- Restoration of path & drain near Maya Hotel,W.No.-08,Hamirur. |
| Contractor | Sh. Manoj Kumar S/o Sh. Jagan Nath (G.C.) |
| Award letter & Date | MCH/Tender/CW/Vol-VIII-2024-25 Dated 29.08.2024 |
| MB and Page | 37/2024 page 2-3 |

वाउचर संख्या 1338 दिनांक 24.10.2024 द्वारा उपरोक्त बिल में निम्नलिखित तालिका में वर्णित गणितीय चूक के कारण कुल **₹27903/–** का अधिक भुगतान पाया गया है।

| Sr. | Item No. | Brief Item Description | Quantity paid | Actual Quantity | Excess Qty. measured due to wrong calculations | Tendered Rate (₹) | Total Excess Payment (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | P/L concrete 1:4:8 | 39.26 cum | 11.06 cum | 28.2 cum | 804.77 | 22695 |
| 2 | 2 | P/L RCC Concrete 1:2:4 | 13.30 cum | 12.60 cum | 0.7 cum | 7440.66 | 5208 |
| | | | | | | **Total** | **27903** |

**2. ₹5273/– का अधिक भुगतान।**

कार्य का विवरण:

| | |
|---|---|
| Work | C/o path and drain in ward no. 7 HBC Hamirpur (H.P.) |
| Contractor | Sh. Vinod Kumar (G.C.) |
| Award letter & Date | MCH/Tender/Award/Estimate, A 2023-24-2388 dated 29.11.2023 |
| MB and Page | 32/2023 page 29 |
| Voucher and date | 1955 dtd 22.02.2024 |

वाउचर संख्या 1955 दिनांक 22.02.2024 द्वारा उपरोक्त बिल में निम्नलिखित तालिका में वर्णित गणितीय चूक के कारण कुल **₹5273/–** का अधिक भुगतान पाया गया है।

| Sr. | Item No. | Item Description | Quantity paid | Actual Quantity as per record entry | Excess Qty. calculation | Tendered Rate (₹) | Total Excess Payment (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | Earth work in excavation | 24.31 cum | 22.16 cum | 2.15 | 103.52 | **223** |
| 2 | 2 | P/L RCC 1:4:8 | 14.59 cum | 13.30 cum | 1.29 cum | 3914.61 | **5050** |
| | | | | | | **Total** | **5273** |

**3. ₹4177/– का अधिक भुगतान।**

कार्य का विवरण:

| | |
|---|---|
| Work | Channelization by providing protection wall near session house, W.N. 02 MC Hamirpur |
| Contractor | Sh. Vinod Kumar (G.C.) |

| Award letter & Date | MCH/Tender/CW/Vol.-VI-2024-2025-1337 dated 22.08.2024 |
|---|---|
| MB and Page | 37/2024 page 7 |

वाउचर संख्या 1338 दिनांक 24.10.2024 द्वारा उपरोक्त बिल में निम्नलिखित तालिका में वर्णित गणितीय चूक के कारण कुल **₹4177/–** का अधिक भुगतान पाया गया है।

| Sr. | Item No. | Item Description | Quantity paid | Actual Quantity as per record entry | Excess Qty. calculation | Tendered Rate (₹) | Total Excess Payment (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | Centering and shuttering including strutting , | 76.01 cum | 67.18 cum | 8.83 cum | 473 (411.15+15% avove) | 4177 |

4. **₹4942/– का अधिक भुगतान।**

**कार्य का विवरणः**

| Work | Restoration of path by providing paver, drain etc. in existing road towards lalri near H/O shenshah W.N. 11 MC Hamirpur |
|---|---|
| Contractor | Sh. Shashi Kumar (G.C.) |
| Award letter & Date | MCH/Tender/CW/Vol.-V-2024-25-1222 dated 19.08.2024 |
| MB and Page | 37/2024 page 12 |

वाउचर संख्या 1338 दिनांक 24.10.2024 द्वारा उपरोक्त बिल में निम्नलिखित तालिका में वर्णित गणितीय चूक के कारण कुल **₹4942/–** का अधिक भुगतान पाया गया है।

| Sr. | Item No. | Item Description | Quantity paid | Actual Quantity as per record entry | Excess Qty. calculation | Tendered Rate (₹) | Total Excess Payment (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | Providing and laying factory made chamfered edge cement concrete paver blocks 50mm thick | 206.64 sqm | 203.11 sqm | 3.53 sqm | 1400 | 4942 |

5. **तीन निर्माण कार्यों में वीपहोल के लिये कटौती न करके ₹4942/– का अधिक भुगतान।**

**(क)** निर्माण कार्य Channelization by providing protection wall near session house, W.N. 02 MC Hamirpur की मापन पुस्तिका 37/2024 पृष्ठ 7–8 की मद संख्या 4 में 100 मि.मी. ब्यास के 35 वीपहोल के लिये श्री विनोद कुमार संविदाकार को ₹13370/– का भुगतान किया गया था। यह

वीपहोल 1.50 मीटर मोटाई के कन्क्रीट डंगे में रखे गये थे। परन्तु इसके विरूद्ध कन्क्रीट की मद संख्या 3 में से कोई कटौती नहीं की गई थी। इस कारण निम्न गणना अनुसार कुल ₹2393/– का अधिक भुगतान करके संविदाकार को अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।

| Sr. | Calculation of quantity to be deducted from concrete | Rate of Concrete (1:4:8) item | Net deduction amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 35X 3.14X 0.05X0.05X1.5 =0.42 cum | ₹5698.48 | **2393** |

**(ख)** निर्माण कार्य **Channelization of Nallaha/RCC hume pipe culvert and path etc. in Anu ward no-1 MC Hamirpur** की मापन पुस्तिका 32/2023 पृष्ठ 14–17 की मद संख्या 8 में 100 मि. मी. ब्यास के 18 वीपहोल के लिये श्री शशी कुमार संविदाकार को ₹4555/– का भुगतान किया गया था। यह वीपहोल 0.75 मीटर औसत मोटाई के कन्क्रीट डंगे में रखे गये थे। परन्तु इसके विरूद्ध कन्क्रीट की मद संख्या 3 में से कोई कटौती नहीं की गई थी। इस कारण निम्न गणना अनुसार कुल ₹846/– का अधिक भुगतान करके संविदाकार को अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।

| Sr. | Calculation of quantity to be deducted from concrete | Rate of Concrete (1:3:6) item | Net deduction amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 18X 3.14X 0.05X0.05X0.75 =0.12 cum | ₹7051.52 | **846** |

**(ग)** निर्माण कार्य **R/o park and C/o R/Wall near ward no. 07 MC Hamirpur** की मापन पुस्तिका 36/2024 पृष्ठ 16–17 की मद संख्या 4 में 100 मि.मी. ब्यास के 20 वीपहोल के लिये श्री रजनीश ठाकुर संविदाकार को ₹7640/– का भुगतान किया गया था। यह वीपहोल 1.15 मीटर औसत मोटाई के कन्क्रीट डंगे में रखे गये थे। परन्तु इसके विरूद्ध कन्क्रीट की मद संख्या 3 में से कोई कटौती नहीं की गई थी। इस कारण निम्न गणना अनुसार कुल ₹846/– का अधिक भुगतान करके संविदाकार को अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।

| Sr. | Calculation of quantity to be deducted from concrete | Rate of Concrete (1:4:8) item | Net deduction amount (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | 20X 3.14X 0.05X0.05X1.15 =0.181 cum | ₹5698 | **1031** |

इस प्रकार वीपहोल की कटौती न करके इन संविदाकारों को तीनों निर्माण कार्यों के बिलों में कुल ₹4270/– (2393+846+1031) का अधिक भुगतान करके अनुचित लाभ पहुँचाया गया था।

उपरोक्त अनियमितताओं के सन्दर्भ में अनुभग अधिकारी की अंकेक्षण अधियाचना संख्याः अनु• अधि•/रा•ले•प•/अंके. संख्या/07 दिनांकः 28/06/2025 द्वारा अवगत करवाया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः उपरोक्त वर्णित **₹46565/–** के अनियमित भुगतानों की प्रतिपूर्ती उचित स्त्रोत से सुनिश्चित करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

**(16.3) 29 निर्माण कार्यों का निष्पादन में देरी होने पर भी संविदाकारों से अनुबन्ध की क्लॉज –2 के प्रावधानों के अनुसार ₹17.56 लाख की क्षतिपूर्ति राशि की कटौती न करना**

नगर निगम के अवधि 04/2023 से 03/2025 तक के चयनित माह के व्यय वाउचरों की अंकेक्षण जाँच में पाया गया था कि **"परिशिष्ट "84"** में वर्णित 29 निर्माण कार्य बिलों का आबंटन करते समय आबंटन पत्र में कार्य निष्पादन पूर्ण करने हेतु जो समय अवधि निर्धारित की गई थी उसमें कार्य पूरा नहीं किया गया था। इन सभी प्रकरणों में कार्य निष्पादन में देरी के लिये समय बढ़ौतरी के लिये न तो संविदाकार द्वारा किसी प्रकार का अनुरोध किया गया था और न ही नगर परिषद/निगम द्वारा समय विस्तार दिया गया है। इन संविदाकारों द्वारा हस्ताक्षरित अनुबन्ध के क्लॉज 2 में दिये प्रावधान अनुसार इन सभी कार्यों का अन्तिम भुगतान करने से पूर्व कार्य निष्पादन में हुई देरी के लिये "अनुमानित लागत के 1 प्रतिशत प्रतिदिन तथा अधिकतम 10 प्रतिशत की दर से" क्षतिपूर्ति राशि की कटौती अन्तिम बिल में से की जानी अपेक्षित थी जो कि नही की गई। इस अनियमितता के कारण अलग–अलग संविदाकारो को **₹17,55,868/–** का अधिक भुगतान किया गया था। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा• नियन्त्रक/रा•ले•प•–शिमला/अंके. अधि./2025/–119 दिनांकः 04/07/2025 द्वारा अवगत करवाया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस अनियमित व अधिक भुगतान की वसूली सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**(16.4) निर्माण कार्य निष्पादन में सक्षम प्राधिकारी की संशोधित प्रशासनिक तथा व्यय स्वीकृति (AA&ES) के बिना किया गया ₹69.08 लाख का अनियमित भुगतान**

सी. पी. डबल्यू. डी. कोड 2014 के पैरा 2.3.5 के प्रावधानों के अनुसार निष्पादित निर्माण कार्य बिलों का भुगतान सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति तथा व्यय स्वीकृति राशि (AA & ES) से यदि 10% प्रतिशत की प्रावधित मात्रा से अधिक राशि के लिये किया जाता है तो कुल व्यय राशि के लिये सक्षम प्राधिकारी की संशोधित स्वीकृति अपेक्षित है। नगर निगम हमीरपुर के अवधि 04/2023 से 03/2025 तक के चयनित माह के व्यय वाउचरों की अंकेक्षण जाँच में पाया गया था

कि **परिशिष्ट "85"** में वर्णित 12 निर्माण कार्य बिलों में कुल वास्तविक व्यय स्वीकृत राशि की तुलना में 10.65% तथा 418.89% (कुल ₹16,27,188/-) तक की अधिक राशि के लिये किया गया था परन्तु यह व्यय प्रावधित सीमा से अधिक होने पर भी सक्षम प्राधिकारी की संशोधित व्यय स्वीकृति नहीं ली गई थी। इस कारण इन निर्माण कार्य बिलों में किया गया कुल ***₹69,07,789/-*** का कुल व्यय पूर्णतः अनियमित है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–119 दिनांकः 04/07/2025 द्वारा अवगत करवाया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस अनियमितता के सन्दर्भ में प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

**(16.5) निर्माण कार्यों के निष्पादन में प्रावधित मात्रा से अधिक विचलन की सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के बिना अनियमित भुगतान करनाः–**

सी. पी. डब्ल्यू. डी. कोड 2014 के पैरा 24.1.2.(ए) के प्रावधानों के अनुसार अन्तिम बिल के भुगतान से पूर्व किसी भी निर्माण कार्य की निष्पादित मात्रा/राशि में आये कम/अधिक विचलन (Deviation) को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमित करवाये जाने के पश्चात ही उस बिल भुगतान किया जाना अपेक्षित है। परन्तु नगर निगम हमीरपुर द्वारा अवधि 04/2023 से 03/2025 के बीच निष्पादित तथा भुगतान किये गये निर्माण कार्य बिलों की अंकेक्षण जाँच में पाया गया था कि संलग्न **परिशिष्ट "86"** पर संकलित 172 प्रकरणों में निष्पादित निर्माण कार्य की कुल मात्रा व राशि अवार्ड की तुलना में अधिक अथवा कम होने पर भी इनके अन्तिम बिलों का भुगतान करने से पूर्व विचलन को सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से नियमति नहीं किया गया था। यह बहुत ही खेदजनक है कि इस सन्दर्भ में पिछले कई अंकेक्षण प्रतिवेदनों में आपत्ति दर्ज करने के बाद भी नगर निगम द्वारा अपनी कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं किया गया है। अतः एक बार पुनः यह मामला प्राथमिकता के आधार पर सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति से नियमित करवाये जाने तथा भविष्य में कार्यप्रणाली में सुधार हेतु उच्चाधिकारियों के ध्यानार्थ लाया जाता है। इस सन्दर्भ में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः सहा॰ नियन्त्रक/रा॰ले॰प॰–शिमला/अंके. अधि./2025/–119 दिनांकः 04/07/2025 द्वारा अवगत करवाया गया परन्तु अंकेक्षण समाप्ति तक कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ था। अतः इस अनियमितता के सन्दर्भ में प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करके कृत अनुपालना से अंकेक्षण को तदानुसार अवगत करवाया जाए।

**(16.6) Rule 16 (XVII) of Himachal Pradesh Mineral Policy, 2024 के अनुसार निर्माण कार्य बिलों में रॉयल्टी/भुगतान के सत्यापन के बिना 178 बिलों में नियमों की अवहेलना करते हुये ₹824.62 लाख का अनियमित भुगतान।**

